www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 39 ||अम्बेडकरनगर
गुरूवार
30 अप्रैल 2026||पृष्ठः 08||मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 05:30
सूर्यास्तः 06:38
अधिकतमः 35°00
न्यूनतमः 23°00



» पेज 07

विशेष समाचार | श्रम का सम्मान, समानता ... » पेज 04 | 15 मंजिला अपार्टमेंट में ... » पेज 06 | राजपाल यादव को मिली...

## वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटे, छह एग्जिट पोल्स में भाजपा, दो में तृणमूल की सरकार का अनुमान

# बंगाल में खेला होबे?

**मतदान**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 7 बजे तक के आकड़ों के मुताबिक, 91.79% वोटिंग हुई है। यह और बढ़ सकता है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर हिंसा, झड़प, लाठीचार्ज और EVM से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आईं।

नॉर्थ 24 परगना के अरविंद रैली में TMC और भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर मुक्के, लाठियों से हमले किए। » (शेष पेज 06 पर)



चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव नतीजे 4 मई को आएंगे

बंगाल- 7 एग्जिट पोल में से 5 में भाजपा सरकार असम में बीजेपी, तमिलनाडु में डीएमके की वापसी केरल में 10 साल बाद यूडीएफ सरकार बनने का अनुमान

**भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप**

पिछले कुछ वर्षों में शिक्षक भर्ती घोटाला, राशन घोटाला और कोयला तस्करी जैसे मामलों में टीएमसी के कई बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हुई है। केंद्रीय एजेंसियों (ED और CBI) की लगातार कार्रवाई ने भ्रष्टाचार के मुद्दे को जमीन तक पहुंचाया, जिससे शहरी और मध्यम वर्ग के वोटरों में नकारात्मक संदेश गया।

### टीएमसी को कैसे लग सकता है झटका?

अगर एग्जिट पोल्स के वह आंकड़े सही साबित होते हैं जिनमें बीजेपी को बढ़त दिखाई गई है, तो इसके पीछे कई बड़े कारण और चुनौतियां रही हैं जिनका सामना ममता बनर्जी की सरकार को करना पड़ा। 2011 से लगातार सत्ता में काबिज टीएमसी को 15 साल की सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा है। लगातार तीन कार्यकालों के बाद, जनता में बुनियादी सुविधाओं, रोजगार और स्थानीय प्रशासन को लेकर एक स्वाभाविक नाराजगी देखने को मिली है।






**एग्ज़िट पोल्स: पश्चिम बंगाल**

| एजेंसी | टीएमसी+ | बीजेपी+ | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| चाणक्य | 130-140 | 150-160 | 0 | 6-10 |
| पीपल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-3 | 0-1 |
| मैटराइज़ | 125-140 | 146-161 | 0 | 6-10 |
| पी-मार्क़ | 118-138 | 150-175 | 0 | 2-6 |
| जेवीसी | 131-152 | 138-159 | 0-2 | 0 |

पीपल्स इनसाइट के ताजा एग्जिट पोल ने इस मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। इसके मुताबिक यूडीएफ को 66-76 सीटें मिलने का अनुमान है, जो उसे बहुमत के करीब या उससे थोड़ा ऊपर रखता है। वहीं एलडीएफ को 63-71 सीटों के बीच बताया गया है, यानी मुकाबला काफी करीबी हो सकता है।

### बीजेपी का प्रदर्शन सीमित!

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बात करें तो अधिकांश एग्जिट पोल में उसका प्रदर्शन सीमित नजर आ रहा है। बीजेपी को 0 से 7 सीटों के बीच ही रहने का अनुमान है, जबकि अन्य दलों को भी बहुत कम सीटें मिलती दिख रही हैं। कुल मिलाकर, 140 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 71 है और ज्यादातर एग्जिट पोल यूडीएफ को इस आंकड़े के पार पहुंचाते दिख रहे हैं। » (06 पर)

**एग्ज़िट पोल्स: असम**

| एजेंसी | बीजेपी | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| एक्सिस माई इंडिया | 88-100 | 24-36 | 0-3 |
| पी-मार्क़ | 82-94 | 30-40 | 1-5 |
| मैटराइज़ | 85-95 | 25-32 | 6-12 |
| पीपल्स पल्स | 68-72 | 22-26 | 7-15 |

**एग्ज़िट पोल्स: पुडुचेरी**

| एजेंसी | बीजेपी+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| एक्सिस माई इंडिया | 17 | 9 | 0 |
| एक्सिस माइ इंडिया | 16-20 | 6-8 | 3-7 |
| पीपल्स पल्स | 16-19 | 10-12 | 1-2 |

**एग्ज़िट पोल्स: केरल**

| एजेंसी | एलडीएफ+ | यूडीएफ़+ | बीजेपी+ | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| एक्सिस माई इंडिया | 49-62 | 78-90 | 0-3 | 0 |
| पी-मार्क़ | 62-69 | 71-79 | 1-4 | 0-3 |
| मैटराइज़ | 60-65 | 70-75 | 3-5 | 2-4 |
| पीपल्स पल्स | 56-65 | 75-85 | 0-3 | 0 |

**एग्ज़िट पोल्स: तमिलनाडु**

| एजेंसी | डीएमके+ | एआईएडीएमके+ | टीवीके | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| एक्सिस माई इंडिया | 92-110 | 22-32 | 98-120 | 0 |
| पी-मार्क़ | 125-145 | 65-85 | 16-26 | 1-6 |
| मैटराइज़ | 122-132 | 87-110 | 10-12 | 0-6 |
| पीपल्स पल्स | 125-145 | 65-80 | 18-24 | 2-6 |
| चाणक्य | 145-160 | 50-65 | 0 | 18-26 |

**बंगाल में सेकेंड फेज में 92% वोटिंग नॉर्थ 24 परगना में टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसा दावा- हावड़ा में सीआरपीएफ की पिटाई से बुजुर्ग की**

### सुवेंदु के खिलाफ 'गो बैक' और 'चोर-चोर' के नारे

भवानीपुर में ममता के खिलाफ चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी को घेरकर TMC समर्थकों ने चोर-चोर के नारे लगाए। सुवेंदु एक पोलिंग बूथ का इंस्पेक्शन करने पहुंचे थे। सुवेंदु जब कालीघाट में ममता के आवास से करीब 100 मीटर दूर सड़क से गुजर रहे थे, तब लोगों ने 'गो बैक' के नारे लगाए। सुवेंदु ने भी जवाब में जय श्री राम के नारे लगाए। हावड़ा के उदयनारायणपुर में वोट डालने आए एक बुजुर्ग की मौत हो गई। TMC महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि बुजुर्ग अपने बेटे के साथ वोट डालने गए थे।

# यूपी विधानमंडल का विशेष सत्र महिला आरक्षण पर आज

## हंगामे के आसार, सपा ने पास किया अतिनिंदा प्रस्ताव

**चर्चा**

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस द्वारा लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने देने के विरोध में बृहस्पतिवार को आहूत विधानमंडल का विशेष सत्र आयोजित होगा, जिसमें भाजपा सरकार निंदा प्रस्ताव लेकर आएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना विधानसभा में निंदा प्रस्ताव रखेंगे, जिसके बाद दलीय नेताओं और विधायकों द्वारा इस पर चर्चा की जाएगी। एक दिवसीय सत्र के दौरान विधानमंडल के दोनों सदनों में हंगामा होने के आसार हैं। बता दें कि राज्य सरकार ने बीते दिनों कैबिनेट में महिला आरक्षण विधेयक पारित

**परामर्शदात्री समिति की बैठक में सहमति**

नहीं होने देने की विपक्ष की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए विधान-मंडल का विशेष सत्र बुलाकर निंदा प्रस्ताव पारित करने को हरी झंडी दी थी। विशेष सत्र के दौरान देर रात तक महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा होगी।

» (शेष पेज 06 पर)

# हमें देखते ही लोग जय श्रीराम बोलते हैं : योगी

## हमने गुलामी का ढांचा गिरते देखा

**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी



अयोध्या । सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को राममंदिर पहुंचे। यहां परकोटे में बने शिव मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। यह शिव मंदिर ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) में यज्ञशाला के सामने स्थित है, जिसमें 3 फीट का शिवलिंग विराजमान है।

अभी योगी राममंदिर परिसर में मौजूद करीब 800 अतिथियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब हम देश के किसी भी कोने में जाते हैं, तो लोग हमें देखते ही जय श्रीराम

**योगी बोले- देश को बांटने का पाप मत करना**

बोलते हैं। मैं पश्चिम बंगाल गया था। वहां जैसे ही लोग मुझे देखते थे तुरंत जय श्रीराम का जयकारा लगाते थे। राम हम लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। श्री शंकर जोड़ रहे भारत के एक-एक कंकड़ को।

» (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### 'बड़े घर की माताएं भी पी रहीं'

छतरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का एक और बयान विवादों में आ गया है। नागपुर में कथा के दौरान उन्होंने कहा, 'आजकल पुरुषों की तो छोड़ो, हमने सुना कि बड़े घरानों की माताएं भी पी रही हैं। राम-राम, राम-राम... बजरंग बली बचाएं।' इसका वीडियो भी सामने आया है।

**पूजा अर्चना**

### मोदी ने काशी विश्वनाथ में पूजा की, त्रिशूल लहराया

वाराणसी। काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की। पांच पंडितों ने उन्हें पूजा कराई, माला पहनाई और त्रिपुंड लगाया। पीएम मंदिर से बाहर निकले तो भाजपा नेताओं ने उन्हें त्रिशूल और डमरू भेंट किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने त्रिशूल उठाकर लहराया। पीएम 14 किलोमीटर लंबा रोड शो करते हुए विश्वनाथ मंदिर पहुंचे थे। गेट पर 108 बटुकों ने शंखनाद के साथ उनका स्वागत किया। मंदिर में पीएम बच्चों से भी मिले और उनसे बातचीत की।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रिट्रीट में खुमानी का पौधा लगाया

शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिमला के छराबड़ा स्थित रिट्रीट में खुमानी का पौधा लगाया। इसके बाद खुद पानी भी दिया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति निवास के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और वहां आने वाले लोगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की।

# सपा विधायक दल की बैठक 'अति निंदा प्रस्ताव' पारित

## महिला आरक्षण को लेकर भाजपा पर तीखा हमला

**बैठक**

अरमान



तमसा संकेत, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में विधायक दल की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक को सदन का रूप देते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर प्रस्तावित निंदा प्रस्ताव के विरोध में 'अति निंदा प्रस्ताव' बहुमत से पारित किया गया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने स्पीकर की भूमिका निभाते हुए विधायकों की राय ली और बहुमत के आधार पर प्रस्ताव को पारित घोषित किया। महिला विधायकों ने एकजुट होकर इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

चर्चा की शुरुआत विधायक गीता पासी ने की। उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा पर महिला आरक्षण के

**30 अप्रैल के विशेष सत्र से पहले विपक्ष ने बनाई रणनीति**

नाम पर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया।

» (शेष पेज 06 पर)

## पीएम बोले- बंगाल जैसी बंपर वोटिंग दशकों में नहीं देखी

# मोदी ने किया यूपी के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन



पीएम मोदी, सीएम योगी के साथ एक्सप्रेस-वे पर पैदल भी चले।

**जनसभा**

तमसा संकेत, एजेंसी



हरदोई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूपी के हरदोई में प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने ऐलान किया कि एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा।

पीएम ने सपा और कांग्रेस पर कहा- सपा विकास और नारी विरोधी है। बीते दिनों एक बार फिर देश ने इनका नारी विरोधी चेहरा देखा है। इन लोगों ने नारी शक्ति वंदन संशोधन के खिलाफ वोट किया। पीएम ने पश्चिम बंगाल में चल रही दूसरे चरण की वोटिंग का जिक्र किया। कहा- जो खबरें आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है। ऐसी वोटिंग दशकों में नहीं देखी।

इससे पहले पीएम ने एक्सप्रेस-वे के किनारे पेड़ लगाया। » (शेष पेज 06 पर)

"पीएम ने ऐलान किया कि एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा।"

### एक्सप्रेस-वे 12 जिलों से गुजरेगा, रात में फाइटर जेट्स उतर सकेंगे

12 जिलों से होकर गुजरने वाला यह एक्सप्रेस-वे कई मायनों में खास है। यहां पब्लिक कन्वीनियंस सेंटर बनाए गए हैं, जिनमें ठहरने की सुविधा, इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर और फूड कोर्ट शामिल हैं। सड़क पर रंबल स्ट्रिप (उभरी हुई पट्टियां) बनाई गई हैं। इन पर वाहन के टायर आते ही ड्राइवर को वाइब्रेशन महसूस होता है, जिससे हादसों की आशंका कम होगी।

एक्सप्रेस-वे पर एयरफोर्स के फाइटर जेट्स की लैंडिंग के लिए शाहजहांपुर के जलालाबाद के पास 3.5 किमी लंबी एयरस्ट्रिप बनाई गई है। यह देश की पहली नाइट लैंडिंग एयरस्ट्रिप है।

## निर्देश : निर्माण परियोजनाएं तय समय में पूर्ण हों, विलंब पर पेनल्टी अनिवार्य : प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव

# विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा

**चर्चा**

बृजेंद्र वीर सिंह





तमसा संकेत, अम्बेडकर नगर। गिरीश चन्द्र यादव, मा० राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण, उ०प्र० तथा प्रभारी मंत्री, अम्बेडकरनगर ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की। बैठक में माननीय प्रभारी मंत्री ने जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने स्मार्ट मीटर के भुगतान होते ही लाभार्थी को तत्काल विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मीरपुर शेखपुर में लो वोल्टेज की समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आरडी-एसएस एवं सौभाग्य योजना के कार्यों सहित अन्य स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जनपद में ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही निर्धारित समयसीमा के अंदर बदला जा रहा है कोई भी खराब ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य लंबित नहीं है। उन्होंने अवगत कराया की जनपद में 9 मोबाइल ट्रांसफार्मर उपलब्ध है आवश्यकतानुसार उनका उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है।

» (शेष पेज 06 पर)

### वृक्षारोपण और गौशालाओं पर भी चर्चा

पिछले वर्ष लगाए गए पौधों की स्थिति की समीक्षा की गई। जहां पौधे सूख गए हैं, वहां दोबारा रोपण करने और बचे हुए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हर ब्लॉक में एक बड़ी गौशाला बनाने की योजना की समीक्षा में बताया गया कि कुछ विकासखंडों में गौशालाएं पहले से संचालित हैं, जबकि अन्य स्थानों पर जल्द काम शुरू होगा।

### सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान

सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों को बारिश से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए। गुणवत्ता से समझौता न करने की बात दोहराई गई।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान 108 और 102 एम्बुलेंस की नियमित जांच और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर की व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 40 बेड की डायलिसिस यूनिट तैयार है, जिसे जल्द शुरू किया जाएगा।

**बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। अधिकारियों को पारदर्शिता, समयबद्धता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।**

**कानून व्यवस्था की समीक्षा में लंबित मामलों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। गो-हत्या से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई और भू-माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने को कहा गया।**

### जल जीवन मिशन और वित्तीय योजनाओं की समीक्षा

जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के तहत चल रही परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा हुई। जिले में 571 परियोजनाओं में से 212 पूरी हो चुकी हैं। 136 परियोजनाओं में सीधे पंप से पानी की आपूर्ति हो रही है, जबकि 223 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।

» (शेष पेज 06 पर)

## व्यापारियों पर अन्याय और शोषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी आम आदमी पार्टी- संजय सिंह

# व्यापारियों की आवाज़ को मजबूती से उठाएगी आम आदमी पार्टी : संजय सिंह

**निर्णय**

■ मुझे मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा
- मनोज मिश्रा



**पूरे प्रदेश में व्यापार प्रकोष्ठ को सक्रिय कर जनहित की लड़ाई को तेज किया जाएगा- संजय सिंह**

**संगठन विस्तार के तहत व्यापार प्रकोष्ठ को मिली नई मजबूती, मनोज मिश्रा बने आप व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष**

**हर ज़िले तक संगठन का विस्तार कर व्यापारी हितों की लड़ाई को धार दी जाएगी- संजय सिंह**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश ने अपने संगठनात्मक विस्तार को आगे बढ़ाते हुए व्यापार प्रकोष्ठ को नई दिशा देने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से मनोज मिश्रा को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी ने इस नियुक्ति के माध्यम से प्रदेश के व्यापारी वर्ग के मुद्दों को मजबूती से उठाने और संगठन को ज़मीनी स्तर तक विस्तार देने का स्पष्ट संकेत दिया है। आम आदमी पार्टी लगातार प्रदेश में अपने संगठन को मज़बूत करने की दिशा में काम कर रही है और हर वर्ग तक अपनी पहुँच सुनिश्चित कर रही है। इसी कड़ी में व्यापार प्रकोष्ठ की कमान मनोज मिश्रा को सौंपना एक रणनीतिक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि प्रदेश में व्यापारियों के सामने बढ़ती समस्याओं—जैसे कर व्यवस्था, प्रशासनिक दबाव, भ्रष्टाचार और असुरक्षा—को लेकर एक सशक्त मंच की आवश्यकता है, जिसे अब और प्रभावी बनाया जाएगा। प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने इस नियुक्ति पर कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से व्यापारियों के हितों की आवाज़ उठाती रही है और आगे भी यह लड़ाई और तेज़ होगी। उन्होंने कहा कि संगठन को हर ज़िले और हर बाज़ार तक मज़बूत किया जाएगा, ताकि व्यापारियों की समस्याओं को सीधे सरकार के सामने उठाया जा सके और उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी व्यापारियों पर हो रहे किसी भी प्रकार के अन्याय और शोषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि आज प्रदेश का व्यापारी वर्ग कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन उनकी आवाज़ को सुनने वाला कोई नहीं है।

**आम आदमी पार्टी की नीतियाँ हमेशा जनहित और पारदर्शिता पर आधारित**

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियाँ हमेशा जनहित और पारदर्शिता पर आधारित रही हैं और वह इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर प्रदेश के व्यापारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ को हर ज़िले और हर बाज़ार तक मज़बूत किया जाएगा ताकि व्यापारी वर्ग की समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से किया जा सके।

**आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यह नियुक्ति केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत हर वर्ग-चाहे वह व्यापारी हो, किसान हो, युवा हो या शिक्षक-को न्याय दिलाने और उनकी समस्याओं को सरकार के सामने मजबूती से उठाने का संकल्प लिया गया है। पार्टी ने संकेत दिया है कि आने वाले समय में व्यापारियों के मुद्दों को लेकर प्रदेश भर में व्यापक अभियान चलाया जाएगा और यदि जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा।**

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कार्य परामर्शदात्री समिति की बैठक



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कार्य परामर्शदात्री समिति की बैठक विधान परिषद के सभापति श्री कुंवर मानवेन्द्र सिह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुयी

बैठक का आयोजन विधान परिषद के कमरा नम्बर- 77 मे किया गया। बैठक मे 30 अप्रैल को चलने वाले सदन के कार्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया।

'नारी सशक्तिकरण' विषय पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1956 के नियम-59(9) के अन्तर्गत लोकहित के विषय पर अनवरत चर्चा हेतु प्रस्ताव किया गया, जिसे पारित किया गया।बैठक मे उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य व नेता सदन विधान परिषद श्री केशव प्रसाद महत्वपूर्ण विचार रखे। बैठक मे वित्त एवं संसद कार्य मन्त्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, नेता प्रतिपक्ष श्री लाल बिहारी यादव, एम0एल0सी0 श्री सलिल विश्नोई, एम0 एल0सी0 श्री जासमीर अन्सारी, एम0 एल0 सी0, श्री अश्वनी त्यागी, एम0 एल0 सी0 श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, एम0 एल0 सी0 श्री बिच्छे लाल राम, एम0 एल0 सी0 श्री जयपाल सिंह' व्यस्त',एम0 एल0 सी0 श्री आकाश अग्रवाल, एम एल सी श्री अक्षय प्रताप सिह, एम0 एल0 सी0 श्री महेन्द्र सिह, व विधान परिषद के प्रमुख सचिव राजेश सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**फास्ट न्यूज**

### यूपी आवास विकास परिषद का 4173 करोड़ का बजट पास

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की 275वीं बोर्ड बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पास किया गया। कुल बजट 4173.66 करोड़ रुपए का है। बजट में जमीन खरीद पर खास जोर दिया गया। इसमें नई आवासीय योजनाओं को भी प्राथमिकता दी गई। अयोध्या विकास पर विशेष फोकस रखा गया। भूमि अर्जन के लिए 1927.15 करोड़ रुपए तय किए गए।

### लखनऊ में सिपाही की गुंडागर्दी, घूसा मारकर हाथ तोड़ा

लखनऊ । लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र में एक युवक को सिपाही ने एक तमाचा मारा कि वह गिर पड़ा। उसके गिरते ही सिपाही ने उसे लातों से मारा। यह वीडियो संज्ञान में आने के बाद सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जिस युवक को पीटा गया, उसका एक कैब ड्राइवर से किराए को लेकर झगड़ा हो गया था। ड्राइवर ने इसके लिए डायल-112 पर फोन कर दिया था।

सूचना मिलने पर एक सिपाही और एक होमगार्ड मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान सिपाही ने युवक को लात-घूंसों से पिटाई की।

### लखनऊ में महिला ने किया सुसाइड

लखनऊ। लखनऊ में एक महिला की कीटनाशक दवा खाने से मौत हो गई है। आरोप है कि महिला को पड़ोस में रहने वाला युवक परेशान करता था। परिवार वालों का कहना है कि महिला को पड़ोसी युवक लगातार फोन कर मिलने के लिए दबाव बना रहा था। जिससे परेशान होकर महिला ने कीटनाशक दवा खाकर जान दे दी। मामला बीकेटी के कोटवा गांव का है। बीकेटी की रहने वाली निशा (30) की शादी वर्ष 2012 में संदीप से हुई थी।

## केशव प्रसाद ने पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह गौर का जाना कुशलक्षेम



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज राजधानी लखनऊ स्थित मेडिकल कॉलेज पहुँचकर पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, श्री नरेन्द्र सिंह गौर जी से भेंट की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना।

उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती श्री गौर जी की कुशलक्षेम पूछते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान उन्होंने उपचार कर रहे वरिष्ठ चिकित्सकों से भी वार्ता की और उन्हें निर्देश दिए कि पूर्व मंत्री जी के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए तथा उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। श्री मौर्य ने श्री गौर जी के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि सरकार और विभाग उनके बेहतर उपचार के लिए पूरी तरह से तत्पर है।

### सहारा सिटी पर नगर निगम का कब्जा वैध

लखनऊ। लखनऊ हाईकोर्ट ने 'सहारा सिटी' का कब्जा वापस लेने की याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने अपनी टिप्पणी में लखनऊ नगर निगम की कार्रवाई को सही ठहराया है। वहीं सहारा कमर्शियल की सभी दलीलों को खारिज कर दिया है। करीब 170 एकड़ में फैले इस प्रोजेक्ट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। नगर निगम ने लीज शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए सहारा सिटी को अपने कब्जे में ले लिया था। अब कोर्ट के इस फैसले से न केवल निगम का पक्ष मजबूत हुआ है, बल्कि सहारा सिटी की जमीन पर नई विधानसभा बनने का रास्ता भी साफ हो गया है। गोमतीनगर स्थित सहारा सिटी को लेकर नगर निगम ने आरोप लगाया था कि वर्ष 1994 में हुई लीज की शर्तों का पालन नहीं किया गया। जांच में सामने आया कि निर्माण और उपयोग से जुड़े कई नियमों का उल्लंघन किया गया। इसके बाद निगम ने पूरे परिसर के छहों गेट सील कर प्रशासनिक नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।

## हापुड़ में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जनता संग देखा लोकार्पण प्रसारण

# गंगा एक्सप्रेसवे बना विकास का नया मार्ग





तमसा संकेत, संवाददाता



हापुड़ / लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं प्रभारी मंत्री हापुड़ कपिल देव अग्रवाल ने जनपद हापुड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनपद हरदोई से 594 किलोमीटर लंबे मेरठ-प्रयागराज गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण का सजीव प्रसारण बहापुर गढ़ स्याना रोड पर बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह के साथ देखा।

उन्होंने कहा कि मेरठ के बिजौली ग्राम से प्रारंभ होकर प्रयागराज तक जाने वाला यह एक्सप्रेसवे प्रदेश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे सीसीटीवी निगरानी, इमरजेंसी सेवाएं तथा लड़ाकू विमानों के लिए एयर स्ट्रिप की व्यवस्था शामिल है। यह परियोजना प्रदेश के 12 जनपदों को सीधे लाभान्वित करते हुए औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देगी तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेगी। मंत्री अग्रवाल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल हो रहा है। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मिल रहे विकास के चार बड़े उपहार जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सब "विकसित उत्तर प्रदेश" की दिशा में निर्णायक कदम हैं।

> **मंत्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला ऐतिहासिक प्रकल्प है। उन्होंने बताया कि इस एक्सप्रेसवे के चालू होने से मेरठ से प्रयागराज की यात्रा, जो पहले 12 से 14 घंटे में पूरी होती थी, अब मात्र 6 से 7 घंटे में पूरी की जा सकेगी। इससे आम नागरिकों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा, वहीं व्यापार और आवागमन को नई गति प्राप्त होगी।**

## 4 दिन से मेदांता में भर्ती, सपा प्रमुख के पुतले में आग लगाते वक्त जली थीं

# अखिलेश के बाद केशव-ब्रजेश झुलसीं विधायक से मिलने पहुंचे



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को अचानक मेदांता हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल का हाल जाना। अखिलेश ने हाथ जोड़कर नमस्कार किया तो अनुपमा मुस्कराने लगीं। अखिलेश ने विधायक का इलाज कर रहे डाक्टरों से बात भी की।

अखिलेश ने मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। जिस पर एक शेर लिखा, 'उनका जो फर्ज है, वो अहल-ए-सियासत जानें, मेरा पैगाम मोहब्बत है, जहां तक पहुंचे।' अखिलेश के जाने के बाद कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, ब्रजेश पाठक, महामंत्री धर्मपाल सिंह, विधायक नीरज बोरा ने भी मुलाकात की। बहराइच से विधायक अनुपमा 25 अप्रैल को नारी वंदन अधिनियम संसद में गिरने के विरोध में अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला फूंक रही थीं, तभी झुलस गई थीं। 25 अप्रैल को उन्हें बहराइच से लखनऊ लाकर मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इस घटना के तुरंत बाद अखिलेश ने X पर वीडियो पोस्ट किया था। लिखा था, 'आग लगाने वाले सावधान रहें। आग लगाने वाली महिला की इलाज की व्यवस्था की जाए।'



■ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने विधायक अनुपमा जायसवाल का हालचाल जाना।

### वरिष्ठ पत्रकार ने कहा- अखिलेश ने नई मिसाल पेश की

वरिष्ठ पत्रकार और लंबे समय तक सपा को कवर करने वाले अशोक त्रिपाठी कहते हैं, अखिलेश यादव ने राजनीतिक व्यवहार की एक नई मिसाल पेश की है। साथ ही विरोध करने वालों को ये संदेश देने की कोशिश की है कि उनकी लड़ाई विचारों की है, न कि निजी।

### ब्रजेश पाठक ने कहा- जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की

अखिलेश के अस्पताल पहुंचने के बाद मंगलवार शाम को यूपी सरकार के दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भी अस्पताल पहुंचे। दोनों नेताओं ने विधायक अनुपमा जायसवाल का हालचाल जाना। ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के साथ अस्पताल जाकर उन्होंने स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही प्रभु श्रीराम से उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इससे पहले मंत्री ओमप्रकाश राजभर भी अस्पताल पहुंचे थे।

## एलयू में पान-मसाला और गुटखा खाने पर देना होगा जुर्माना

### कैंपस में टीचर्स और स्टॉफ पर होगी सख्ती

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में पान, मसाला, गुटखा और अन्य मादक पदार्थों के सेवन पर सख्त रुख अपनाया है। कुलसचिव डॉ.भावना मिश्रा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालय परिसर में कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों द्वारा इस तरह के पदार्थों का सेवन करना कार्यालय की मर्यादा और आचरण नियमावली के खिलाफ है। कुलपति के निर्देश पर जारी आदेश के मुताबिक यदि कोई कर्मचारी, अधिकारी या शिक्षक परिसर में पान, मसाला, गुटखा अथवा अन्य मादक पदार्थों का सेवन करते पाया जाता है तो उस पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही आदेश में चेतावनी दी गई है कि यदि कोई व्यक्ति तीन बार से अधिक इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू की जाएगी। आदेश कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की तरफ से जारी किया गया हैं। बातचीत में रजिस्ट्रार डॉ.भावना मिश्रा ने बताया कि कैंपस को 'टोबैको-फ्री' बनाना लक्ष्य हैं। बहुत जल्द हर ब्लॉक में निगरानी के लिए नोडल की नियुक्ति की जाएगी। सभी स्टॉफ मेंबर्स और फैकल्टी को ये समझना होगा कि कैंपस के अंदर इनकी अनुमति नहीं दी जा सकती। स्टूडेंट्स के लिए चीफ प्रोवोस्ट के स्तर से एडवाइजरी जारी कर एक्शन लेने के लिए कहा गया हैं।

**योजना : योगी सरकार बेटियों की शादी के लिए प्रत्येक को दे रही 1,01,000 रुपये की आर्थिक सहायता**

# बेसहारा बेटियों का सहारा बनी योगी सरकार

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बेसहारा बेटियों के लिए अभिभावक की भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के तहत योगी सरकार ने न सिर्फ अनाथ बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया है, बल्कि बेसहारा बेटियों की शादी कराकर उनके जीवन में माता-पिता की कमी को काफी हद तक पूरा करने का प्रयास किया है। इस योजना के तहत अब तक 60 से ज्यादा बेसहारा बेटियों की शादी कराई जा चुकी है। योजना के तहत योगी सरकार बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद कर रही है। यह इस बात का प्रतीक है कि सरकार जमीनी स्तर पर जिम्मेदारी निभा रही है। दरअसल मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) आज हजारों परिवारों के लिए उम्मीद का सहारा बन चुकी है। योगी सरकार ने इस योजना के तहत अब तक 66 बेसहारा बेटियों की शादी कराई है। इस तरह यह सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि उन बेटियों के लिए एक भरोसा है, जिनके सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है। सरकार इन बेटियों के विवाह के लिए 1,01,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, जिससे उनका नया जीवन सम्मान के साथ शुरू हो सके।

**वर्तमान में 10 हजार से ज्यादा बच्चों को मिल रहा लाभ**

इस योजना की शुरुआत साल 2021 में की गई थी। इसका उद्देश्य उन बच्चों को सहारा देना है, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के कारण 1 मार्च 2020 के बाद अपने माता-पिता या अभिभावकों को खो दिया था। ऐसे बच्चों के सामने सबसे बड़ी चुनौती उनके भरण-पोषण, शिक्षा और भविष्य की होती है। इसे ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने एक व्यापक और संवेदनशील व्यवस्था तैयार की। वर्तमान समय में इस योजना के तहत 10,904 बच्चों को लाभ मिल रहा है, जबकि शुरुआत में यह संख्या 13,926 थी।

- ■ 66 बेटियों की शादी कराकर निभाई अभिभावक की जिम्मेदारी
- ■ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) से अनाथ बच्चों को मिल रहा सहारा
- ■ वर्तमान में 10 हजार से ज्यादा बच्चों को योजना के तहत मिल रही सहायता

### हजारों बच्चों को मिल रहा योजना का लाभ

कई बच्चे समय के साथ वयस्क हो गए या योजना की अवधि पूरी कर चुके हैं, जिससे लाभार्थियों की संख्या में कमी आई है। इसके बावजूद हजारों बच्चों को निरंतर सहायता मिल रही है, जो इस योजना की प्रभावशीलता को दर्शाता है। साथ ही बच्चों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिमाह 4000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। यह सहायता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने या 12वीं कक्षा पास करने तक (जो पहले हो) दी जाती है। इसके साथ ही शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने 8085 लैपटॉप भी वितरित किए हैं, जिससे बच्चे डिजिटल शिक्षा से जुड़ सकें और प्रतिस्पर्धी माहौल में पीछे न रहें।

# मुख्यमंत्री मिशन रोजगार के तहत आईटीआई अलीगंज में कैंपस ड्राइव

**57 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस रोजगार अवसर में डेनसो हरियाणा प्रा. लि. द्वारा गुरुग्राम, हरियाणा स्थित इकाई के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कार्यक्रम के दौरान कंपनी प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करने का आग्रह किया तथा चयनित अभ्यर्थियों को समय पर ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंपस ड्राइव युवाओं को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और प्रदेश सरकार की रोजगारपरक नीतियों को मजबूती प्रदान करते हैं।

प्लेसमेंट ऑफिसर एम.ए. खाँ ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंपस ड्राइव में कुल 122 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत 57 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा प्रथम वर्ष में अधिकतम 22,055 रुपये प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा, साथ ही उन्हें बी.वोक कोर्स करने का अवसर भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनके कौशल विकास एवं करियर उन्नति को बल मिलेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में अनुदेशक मकबूल कादिर, जेड रहमान तथा ग्रे सिम लर्निंग्स फाउंडेशन के स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## बदलाव : 20 शहरों में आंधी-बारिश, प्रयागराज में बिजली गिरने से महिला की मौत

# अचानक मौसम पलटा 10 जिलों में ओले गिरे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/नोएडा/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट ली। प्रयागराज-वाराणसी समेत 10 जिलों ओले गिरे। आंधी के साथ तेज बारिश हुई। लखनऊ में अंधेरा छा गया। सुल्तानपुर में 60 किमी की स्पीड से तूफान आया। इससे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बने टोल प्लाजा की छत उड़ गई।

अयोध्या में मौसम खराब होने के चलते सीएम योगी के रूट में बदलाव करना पड़ा। सीएम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से टेढ़ी बाजार होते हुए राम मंदिर पहुंचे। पहले राम कथा पार्क में



उनका हेलीकॉप्टर उतरना था। इससे पहले नोएडा, मथुरा, बरेली, प्रतापगढ़ समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। मथुरा में अचानक हुई बारिश से बचने के लिए लोग ट्रॉली के नीचे बैठ गए। आगरा, सहारनपुर और मेरठ में बूंदाबांदी हुई। अयोध्या में धूलभरी आंधी के साथ बारिश हुई। सुल्तानपुर में बिजली गिरने से खेत में आग लग गई। प्रयागराज में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। वाराणसी



### वाराणसी में निर्माणाधीन बिल्डिंग की दीवार गिरी, कई मजदूर घायल

वाराणसी में तेज हवाओं के बीच बड़ा हादसा हो गया। हुकुलगंज तिराहे के पास तिवारी मिष्ठान के पीछे बन रही एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की दीवार अचानक गिर गई। हादसे में वहां काम कर रहे कई मजदूर घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) की टीम को बुलाया गया है। घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

में तेज हवाओं के बीच एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की दीवार गिरने से कई मजदूर घायल हो गए। सूचना पर NDRF की टीम पहुंची। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं की वजह से मौसम

**लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इससे गरज-चमक के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। अगले 5 दिन यानी 4 मई तक तेज हवाओं के साथ बारिश होती रहेगी। गर्मी और लू से राहत मिलेगी। तापमान 3-4 डिग्री तक गिरेगा। हालांकि, दिन में धूप की वजह से उमस जैसे हालात बन सकते हैं।**

बदल गया है। लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है।

## 5 लाख महीना गुंडा टैक्स का आरोप

बाराबंकी। बाराबंकी में उद्योग और निवेश के माहौल को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। लखनऊ के एक उद्योगपति ने किसान यूनियन (महात्मा टिकैत संगठन) से जुड़े पदाधिकारियों पर हर महीने 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगने, धमकी देने और कारोबार ठप कराने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में 9 नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह मामला जहांगीराबाद क्षेत्र स्थित वंश फिश गोल्ड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। कंपनी के निदेशक हेम करन माथुर ने पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि किसान यूनियन से जुड़े कुछ नेता किसान हित की आड़ में अवैध वसूली का नेटवर्क चला रहे हैं।

शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने फैक्ट्री संचालन के लिए हर महीने 5 लाख रुपए देने की मांग की और चेतावनी दी कि रकम न देने पर फैक्ट्री बंद करा दी जाएगी।

## बंगलूरू में बारिश का कहर, अस्पताल की दीवार गिरने से सात लोगों की मौत

### सीएम सिद्धारमैया ने किया मुआवजे का एलान

**तबाही**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बंगलूरू । बंगलूरू में मूसलाधार बारिश के चलते अस्पताल की दीवार गिरने से सात लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों का जायजा लिया और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिया।

कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में बुधवार शाम हुई भारी बारिश और तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई है। शहर के शिवाजीनगर इलाके में स्थित बोवरिंग एंड लेडी कर्जन अस्पताल की एक विशाल चारदीवारी अचानक ढह गई। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम सात लोगों की जान चली गई है। मलबे के नीचे दबने से कई अन्य लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया है। राहत



- लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला-प्रत्यक्षदर्शी
- सीएम सिद्धारमैया ने किया मुआवजे का एलान

की बात यह है कि डॉक्टरों ने घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई है।

हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमला और बचाव टीमें मौके पर पहुंच गईं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, मरने वालों में ज्यादातर सड़क किनारे रेहड़ी-पटरी लगाने वाले दुकानदार और वहां से गुजर रहे राहगीर शामिल हैं।

**फास्ट न्यूज**

### जनसुनवाई में मारपीट व वाहन विवाद का मामला

अम्बेडकर नगर । जनसुनवाई के दौरान वाहन विवाद और मारपीट का मामला सामने आया। फरियादी ने शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। जलालपुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर निवासी सुरेशचन्द्र ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि लालातारा निवासी एक व्यक्ति ने जरूरी काम बताकर उनकी गाड़ी मंगवाई थी।

### मिशन शक्ति टीम ने बेहोश महिला को अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

अम्बेडकर नगर । थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम की त्वरित कार्रवाई से एक महिला की जान बच गई। इल्तिफातगंज स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया परिसर में एक महिला अचानक बेहोश होकर गिर गई। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम मौके पर पहुंची और महिला को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। समय पर इलाज मिलने से महिला की हालत में सुधार हुआ।स्वास्थ्य में सुधार के बाद टीम ने महिला के परिजनों को सूचना देकर उन्हें सुरक्षित सुपुर्द कर दिया।

### जिला पंचायत अध्यक्ष की माता के निधन पर शोक सभा आयोजित

अम्बेडकर नगर । जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा की माता के निधन पर बुधवार को ग्राम सभा भसड़ा में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के लोग और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में पहुंचे। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## ट्रांसपोर्ट कारोबारी से रंगदारी मांगने का आरोप

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकर नगर । टांडा कोतवाली क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट कारोबारी से रंगदारी मांगने और मारपीट का मामला सामने आया है। नगर के छज्जापुर इलाके में संचालित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों ने कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित पक्ष के अनुसार, पायनियर ट्रांसपोर्ट से जुड़े मैनेजर और कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि कुछ लोग कार्यालय पर पहुंचे और 10 हजार की मांग की। आरोप है कि रकम न देने पर गाली-गलौज की गई और मारपीट की गई।शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने हर महीने पैसा देने की बात कही। साथ ही धमकी दी कि भुगतान न करने पर इलाके में काम नहीं करने दिया जाएगा। घटना के बाद ट्रांसपोर्ट का काम प्रभावित हुआ। पीड़ितों के अनुसार, भय के कारण तीन दिन तक कार्यालय बंद रखना पड़ा। कर्मचारी खुद को असुरक्षित महसूस



- टांडा कोतवाली क्षेत्र का मामला, कार्रवाई न होने से बढ़ी चिंता

कर रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत नजदीकी पुलिस चौकी में दी है। हालांकि, अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने की बात कही जा रही है।

इस स्थिति से पीड़ितों में चिंता बनी हुई है। उन्होंने मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा है। पुलिस से अपेक्षा है कि मामले की जांच कर तथ्य सामने लाए जाएं और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर महिला सम्मेलन आयोजित

### लोहिया भवन से कलेक्ट्रेट गेट तक रैली, नारेबाजी और पुतला दहन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकर नगर । बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुद्दे पर महिला जन आक्रोश सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय स्थित लोहिया भवन में कार्यक्रम के बाद महिलाओं ने पद मार्च निकाला। रैली लोहिया भवन से कलेक्ट्रेट गेट तक गई। इस दौरान नारेबाजी की गई और विपक्ष के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को नीति निर्धारण की प्रक्रिया में भागीदारी देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह कानून लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने का प्रयास है।उन्होंने यह भी कहा कि





### विपक्ष पर उठाए सवाल

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि संसद में इस विधेयक को लागू करने को लेकर विपक्ष का रुख स्पष्ट नहीं रहा। इस पर नाराजगी जताते हुए महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि महिलाओं के अधिकार और सम्मान को मजबूत करने के लिए यह अधिनियम जरूरी है। उन्होंने कहा कि संगठन महिलाओं के हितों के लिए काम करता रहेगा।

सरकार का उद्देश्य महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में मजबूत करना है, जिससे सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़े। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल महिलाओं को नीति निर्धारण और नेतृत्व में स्थान देने से जुड़ी है।

## पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

### कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकर नगर । बुधवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर फरियादियों की बात सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान जमीन विवाद, मारपीट, पारिवारिक मामले और अन्य शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि हर शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शिकायतों में लापरवाही न बरती जाए और तय समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि



सभी मामलों में निष्पक्ष जांच जरूरी है। किसी भी प्रकार की देरी या अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फरियादियों को न्याय दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों में संबंधित थानों को निर्देश जारी किए।कार्यक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से भरोसा दिलाया गया कि सभी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी और आमजन को राहत दी जाएगी।

## कटका थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे मिला शव, पहचान में जुटी पुलिस

# झाड़ियों में मिला अज्ञात युवक का शव, क्षेत्र में सनसनी

**जांच**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकर नगर । कटका थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। अमड़ी टोल प्लाजा से पहले हाईवे किनारे झाड़ियों में शव पड़े होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।

राहगीरों ने सबसे पहले झाड़ियों में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कटका पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर





आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त के लिए आसपास के थानों को सूचना दी गई है। साथ ही फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवक की पहचान कराने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

### झाड़ियों के बीच पड़ा था शव, एक दिन पुराना होने की आशंका

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव हाईवे से कुछ दूरी पर झाड़ियों के बीच पड़ा हुआ था। युवक केवल बनियान पहने हुए था। प्रारंभिक स्थिति देखकर शव एक दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। इससे मौत के कारण को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। स्थानीय स्तर पर अलग-अलग तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# मेडिकल कॉलेज में सीएमई कार्यशाला डायग्नोस्टिक सेवाओं पर होगा फोकस

### पैथोलॉजी विभाग की पहल, 100 से अधिक पंजीकरण पूरे

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकर नगर । महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में ₹पेशेंट सेंट्रिक इंटीग्रेटेड डायग्नोस्टिक सर्विसेज₹ विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (CME) कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम 14 मई, गुरुवार को कॉलेज के ऑडिटोरियम में होगा। आयोजन पैथोलॉजी विभाग की ओर से किया जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं में बदलते स्वरूप को देखते हुए इस CME का उद्देश्य पारंपरिक पैथोलॉजी और आधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीकों के बीच समन्वय स्थापित करना है। कार्यक्रम को लेकर चिकित्सकों में उत्साह है। अब तक 100 से अधिक पंजीकरण पूरे हो चुके हैं।

कार्यशाला में डिजिटल पैथोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की



भूमिका पर विस्तार से चर्चा होगी। प्रयोगशाला सूचना प्रणाली (LIS) में नई तकनीकों के उपयोग को भी समझाया जाएगा।

इसके अलावा साइटोलॉजी, फ्लो साइटोमेट्री, IHC और ल्यूकेमिया निदान जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित होंगे। केस आधारित चर्चा के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। इस CME को यूपी मेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले चिकित्सा पेशेवरों को 3 CME क्रेडिट पॉइंट्स दिए जाएंगे।

### क्लिनिकल और मेडिकोलीगल पहलुओं पर भी चर्चा

कार्यक्रम में एकीकृत डायग्नोस्टिक्स, गुणवत्ता आश्वासन और प्रत्यायन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। मेडिकोलीगल पहलुओं पर भी जानकारी दी जाएगी, जिससे चिकित्सकों को पेशेवर कार्य में सहायता मिलेगी।

इससे कार्यक्रम की शैक्षणिक उपयोगिता और महत्व स्पष्ट होता है। कार्यक्रम का संचालन पैथोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों की टीम करेगी। इसमें विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश गौतम, प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार गुप्ता और अन्य सहायक प्रोफेसर शामिल हैं।

## जीवित महिला को रिकॉर्ड में मृत दिखाया, महीनों से नहीं मिला राशन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकर नगर । आलापुर तहसील क्षेत्र में एक गंभीर प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। जहांगीरगंज विकासखंड के देवरिया पंडित गांव में एक महिला को सरकारी रिकॉर्ड में मृत दर्ज कर दिया गया। जबकि महिला जीवित है। इस गलती के कारण परिवार को महीनों से राशन नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार, शारदा पत्नी योगेंद्र राशन कार्ड की मुखिया हैं। खाद्य एवं रसद विभाग के अभिलेखों में उन्हें मृत दर्शा दिया गया है। इसी वजह से नया राशन कार्ड नहीं बन पा रहा और परिवार सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ नहीं ले पा रहा है।

परिवार का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। लगातार प्रयास के बावजूद राशन नहीं मिलने से परिवार को खाद्यान्न संकट का सामना करना पड़ रहा



- जहांगीरगंज ब्लॉक का मामला, विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल

है। मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही और रिकॉर्ड अपडेट न होने से गरीब परिवार योजनाओं से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

खाद्य पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि आधार कार्ड कई योजनाओं से लिंक रहता है। संभव है कि किसी स्तर पर त्रुटि हो गई हो। संबंधित परिवार से आवश्यक दस्तावेज मांगे गए हैं।

## आरोप : कटेहरी ब्लॉक की ग्राम सभा में योजनाओं के क्रियान्वयन पर उठे गंभीर सवाल

# गौरा बसंतपुर में विकास कार्यों पर सवाल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकर नगर । कटेहरी विकासखंड की ग्राम सभा गौरा बसंतपुर एक बार फिर विकास कार्यों को लेकर चर्चा में है। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार यहां विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत भारी धनराशि खर्च होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन मौके पर कई कार्य अधूरे या अनुपस्थित बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई योजनाओं में राशि जारी होने के बावजूद कार्य धरातल पर नजर नहीं आते। स्थानीय स्तर पर इस मामले की जांच की मांग तेज हो रही है। लोगों का मानना है कि उच्च स्तरीय जांच से स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

कटेहरी ब्लॉक में पहले भी विकास कार्यों में अनियमितताओं के आरोप सामने आ चुके हैं। 14वें वित्त आयोग के फंड में वित्तीय गड़बड़ी



- ग्राम पंचायतों में फर्जी कार्य दिखाकर भुगतान लेने के मामलों को लेकर पहले भी शिकायतें दर्ज होती रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे कार्यों के नाम पर भी धन निकासी के आरोप समय-समय पर सामने आते हैं।

के मामले की चर्चा रही है, जिसमें पंचायत स्तर पर कार्रवाई भी हुई थी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पंचायती राज विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। कार्यों का

### कागजों में कार्य पूर्ण, धरातल पर स्थिति अलग

ग्रामीणों का आरोप है कि डब्ल्यूएसएलएम सहित अन्य विकास योजनाओं में कागजों पर कार्य पूर्ण दिखाया गया है, जबकि वास्तविकता में कई काम या तो अधूरे हैं या हुए ही नहीं हैं। इसको लेकर पंचायत स्तर पर पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका पर भी संदेह जताया जा रहा है।

भौतिक सत्यापन, दस्तावेजों की जांच और ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर स्थिति स्पष्ट करने की आवश्यकता बताई गई है। यदि अनियमितता साबित होती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वास्तविक विकास तभी संभव है जब योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी तरीके से हो और कागज तथा जमीन पर कार्य एक जैसे हों।

## ब्लॉक कांग्रेस बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकर नगर । अकबरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक जौहरडीह में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और गांव स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष मो. जियाउद्दीन अंसारी ने की।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष द्विजेंद्र नारायण शुक्ल ने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनें। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाए।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि ब्लॉक स्तर पर समाधान नहीं होता है तो जिला स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

बैठक में मौजूद अन्य नेताओं ने संगठन को मजबूत बताते हुए इसे और विस्तार देने की बात कही। कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन को गांव-गांव



- गांव-गांव जाकर समस्याएं सुनने और समाधान के लिए संघर्ष का आह्वान

तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान और उनके सहयोग के लिए पार्टी हमेशा साथ खड़ी रहेगी। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। विभिन्न वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर विचार रखे।अंत में ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया और संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

# सम्पादकीय

## दबाव से परे ईरान



अमेरिका-ईरान में दूसरे दौर की वार्ता को लेकर व्याप्त अनिश्चितता के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री ने जिस तरह यह कहा कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना मुख्य मुद्दा है, उससे यही स्पष्ट हुआ कि उनकी प्राथमिकता बदली है। अभी तक अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन के साथ उसके मिसाइल कार्यक्रम को सीमित करने और परमाणु हथियार बनाने की योजना का परित्याग करने पर जोर दे रहा था।

अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च शासक खामेनेई के मारे जाने से वहां नेतृत्व तो बदल गया, पर सत्ता परिवर्तन फिर भी नहीं हो पाया। इसके बाद भी अब अमेरिका इसकी जरूरत नहीं जता रहा है। उसने ईरान के मिसाइल कार्यक्रम की भी अनदेखी कर जिस प्रकार उसके परमाणु हथियार बनाने के इरादे को मुख्य मुद्दा बताया, उससे यही लगता है कि वह इसी मसले पर कोई समझौता कर लेना चाहता है। कठिनाई यह है कि ईरान इस मसले पर बात करने को तैयार नहीं। गत दिवस ही उसके विदेश मंत्री ने कहा था कि यूरेनियम संवर्धन समझौते के बाहर का मुद्दा है। इसका अर्थ है कि अमेरिका जिस मुद्दे को सबसे महत्वपूर्ण कह रहा, ईरान उसे कोई महत्व नहीं दे रहा।

ईरानी विदेश मंत्री का यह भी दावा है कि उनके पास परमाणु क्षमता है, लेकिन वे हथियार नहीं बना रहे हैं। इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि ईरान ने नागरिक उपयोग के लिए तय सीमा से कहीं अधिक यूरेनियम संवर्धन कर लिया है। यह सीमा इतनी अधिक है कि वह कुछ ही समय में परमाणु हथियार बना सकता है।

अमेरिका और इजरायल के साथ खाड़ी देश ऐसा कभी नहीं होना देना चाहेंगे। ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना पश्चिम एशिया के साथ विश्व शांति के भी हित में है। उसे होर्मुज पर आधिपत्य जमाने के साथ-साथ परमाणु हथियार बनाने से भी रोका जाना चाहिए। कठिनाई यह है कि अमेरिका ईरान की नाकेबंदी करने के बाद भी उस पर इतना दबाव बनाने में समर्थ नहीं कि वह वार्ता की मेज पर आने को विवश हो।

लगता है इस नाकेबंदी के बाद भी ईरान चोरी-छिपे तेल बेचने में समर्थ है। जो भी हो, अमेरिका ईरान पर दबाव बनाने में इसलिए भी अक्षम है, क्योंकि उसने जिस पाकिस्तान को मध्यस्थता सौंपी है, वह केवल संदेशों का आदान-प्रदान ही कर सकता है। ईरान पर जो देश दबाव बना सकते हैं, वे हैं चीन और रूस। चूंकि ये दोनों देश अमेरिका को कमजोर होते देखना चाहते हैं, इसलिए वे ईरान के साथ खड़े हैं। भारत इस स्थिति में अवश्य है कि वह दोनों पक्षों में कोई बीच–बचाव कर सकता है, पर वह अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा रहा है। चूंकि वह होर्मुज बाधित होने से कहीं अधिक प्रभावित है, इसलिए उसे अमेरिका-ईरान के बीच गतिरोध तोड़ने की संभावना टटोलनी चाहिए।

## आपने जनगणना का मकान का स्व विवरण भरा ? यह सरल है !

डिजिटल युग में जब मनुष्य अपनी उपस्थिति मोबाइल स्क्रीन पर दर्ज कराता हुआ स्वयं को प्रमाणित करता फिरता है, तब जनगणना जैसी परंपरागत प्रक्रिया का भी रूपांतरण होना स्वाभाविक था। भारत की आगामी जनगणना 2027 इसी परिवर्तन का जीवंत उदाहरण है, जिसमें पहली बार नागरिकों को स्वयं अपने घर और परिवार का विवरण भरने की सुविधा दी गई है। यह सुविधा केवल एक तकनीकी प्रयोग नहीं बल्कि प्रशासनिक सोच में आए बदलाव का संकेत है, जहाँ नागरिक केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि कर्तव्य परायण सक्रिय सहभागी बनता है।

स्व गणना की यह प्रक्रिया मूलतः इस विचार पर आधारित है कि व्यक्ति अपने घर की परिस्थितियों को सबसे बेहतर जानता है, इसलिए वह स्वयं ही उसे दर्ज करे। इसके लिए सरकार ने se.census.gov.in नामक पोर्टल विकसित किया है जहाँ कोई भी नागरिक अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी भर सकता है। इस प्रक्रिया का समय सामान्यतः पंद्रह से बीस मिनट का बताया गया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि इसे सरल और सहज रखने का प्रयास किया गया है। प्रक्रिया की शुरुआत एक साधारण पंजीकरण से होती है। व्यक्ति पोर्टल पर जाकर अपना मोबाइल नंबर दर्ज करता है जिसके बाद उसे एक ओटीपी प्राप्त होता है। यह ओटीपी केवल तकनीकी औपचारिकता नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने का माध्यम है कि दर्ज की जा रही जानकारी किसी वास्तविक व्यक्ति द्वारा दी जा रही है। ओटीपी के सत्यापन के बाद व्यक्ति अपने राज्य, जिला और पते का चयन करता है, और यहीं से वह प्रशासनिक मानचित्र में अपनी उपस्थिति अंकित कर देता है । इसके बाद जो प्रक्रिया प्रारंभ होती है, वह वस्तुतः एक संवाद है जिसमें सरकार नागरिक से उसके घर के बारे में प्रश्न पूछती है। यह प्रश्न केवल दीवारों और छतों तक सीमित नहीं होते बल्कि घर में उपलब्ध सुविधाओं, जैसे बिजली, पानी, शौचालय, इंटरनेट, और अन्य संसाधनों तक फैल जाते हैं।

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

# श्रम का सम्मान, समानता का संधान सरकारी-निजी वेतन का समान विधान

> “जब हम न्यूनतम वेतन की अवधारणा की बात करते हैं, तो इसका मूल उद्देश्य कामगार को जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं- रोटी, कपड़ा और मकान-के साथ-साथ गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत करने का अधिकार देना होता है।



भारतीय श्रम बाजार में सरकारी और निजी क्षेत्र के बीच न्यूनतम वेतन का भारी अंतर आज एक ऐसा गंभीर सामाजिक और आर्थिक प्रश्न बन गया है जो न केवल संवैधानिक समानता के सिद्धांतों को चुनौती देता है बल्कि एक व्यापक मानवीय संकट की ओर भी संकेत करता है। 28 अप्रैल 2026 के परिदृश्य में, जहाँ भारत अपनी विकास गाथा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का दावा कर रहा है, वहीं यह विसंगति कि एक ही योग्यता और समान कार्य करने वाले दो कामगारों की सामाजिक सुरक्षा और वेतन संरचना में इतना विशाल अंतर क्यों है, अत्यंत विचारणीय है। क्या निजी क्षेत्र में कार्यरत व्यक्ति कमतर इंसान हैं? क्या श्रम की गरिमा का मापदंड इस बात से तय होना चाहिए कि नियोक्ता कौन है—राज्य या कोई निजी कंपनी? यह प्रश्न अब केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिकता, मानवाधिकार और सामाजिक न्याय का है।

सरकारी क्षेत्र में न्यूनतम वेतन का निर्धारण सातवें वेतन आयोग (और समय-समय पर महंगाई भत्तों के समायोजन) के माध्यम से एक निश्चित संरचना के अंतर्गत होता है, जिसमें चिकित्सा, आवास और भविष्य निधि की सुरक्षा पहले से ही सुनिश्चित रहती है। इसके विपरीत, निजी क्षेत्र, विशेषकर असंगठित क्षेत्र और लघु-मध्यम उद्यमों में, न्यूनतम वेतन अक्सर एक ऐसी दर पर स्थिर कर दिया जाता है जो कामगार के सर्वांगीण विकास के लिए अपर्याप्त है। तर्क यह दिया जाता है कि निजी क्षेत्र बाजार की शक्तियों से संचालित होता है, लेकिन क्या बाजार की शक्तियां मानव की बुनियादी जरूरतों के प्रति इतनी संवेदनहीन हो सकती हैं कि वे जीवन-निर्वाह लागत को ही नजरअंदाज कर दें? क्या निजी क्षेत्र के कामगारों को बाजार में सामान सरकारी कर्मचारियों की तुलना में सस्ता मिलता है? यह एक ऐसा तार्किक प्रश्न है जो पूरी वेतन संरचना की आधारशिला को हिला देता है। महंगाई दर और मुद्रास्फीति सभी के लिए समान है। 2026 के आंकड़ों को देखें तो खाद्य पदार्थों, ईंधन और परिवहन की कीमतें पूरे देश में एकसमान हैं। यदि एक सरकारी कर्मचारी को जीवन निर्वाह के लिए एक निश्चित राशि की आवश्यकता होती है तो निजी क्षेत्र का कामगार, जो उसी बाजार से समान दर पर सब्जियां, दूध, और अनाज खरीदता है, कम वेतन में अपना अस्तित्व कैसे बनाए रखता है? यह आर्थिक विसंगति उसे ऋण के दुष्चक्र में धकेलती है। निजी क्षेत्र के कामगारों को सस्ती और सुलभ शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्राप्त नहीं हैं। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को अक्सर सीजीएचएस जैसी स्वास्थ्य योजनाएं और बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा की सुविधाएँ प्राप्त होती हैं, जबकि निजी क्षेत्र के एक सामान्य कामगार को अपनी अल्प आय से ही इन सुविधाओं का बोझ उठाना पड़ता है। यदि वह बीमार पड़ता है, तो वह निजी अस्पतालों के भारी खर्चों में दब जाता है, और यदि उसके बच्चे अच्छी शिक्षा नहीं पाते, तो वह गरीबी के उसी चक्र में पीढ़ी-दर-पीढ़ी फंसा रहता है।

यह अंतर केवल आय का नहीं, बल्कि 'अवसर की समानता' का है। जब हम समान कार्य के लिए असमान वेतन देते हैं, तो हम अनजाने में यह संदेश देते हैं कि निजी क्षेत्र का कामगार सरकारी कर्मचारी के समान समाज का सम्मानित नागरिक नहीं है। क्या निजी क्षेत्र के कामगार के स्वास्थ्य, उसके बच्चों के भविष्य और उसके सेवानिवृत्त जीवन की कोई सामाजिक कीमत नहीं है? सरकारी तंत्र में सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन या प्रोविडेंट फंड की सुरक्षा का एक मजबूत ढांचा है, जबकि निजी क्षेत्र के एक बड़े हिस्से, विशेषकर अनुबंध आधारित कर्मचारियों के लिए भविष्य की अनिश्चितता ही एकमात्र वास्तविकता है। यह भेद एक गहरी सामाजिक खाई पैदा कर रहा है। श्रम कानून यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी कामगार का शोषण न हो, परंतु 'न्यूनतम वेतन' के निर्धारण में आज भी मानवीय गरिमा से अधिक नियोक्ता की 'पे-क्षमता' को महत्व दिया जाता है।

इस असंतुलन की विसंगति का सबसे दुखद पहलू यह है कि यह 'बाजार के लचीलेपन' के नाम पर मानवीय श्रम का अवमूल्यन करती है। यह तर्क दिया जाता है कि निजी क्षेत्र में वेतन 'उत्पादकता' से जुड़ा होता है, परंतु वास्तविक धरातल पर यह देखा गया है कि जो कामगार सबसे अधिक शारीरिक श्रम करते हैं—जैसे निर्माण क्षेत्र, लॉजिस्टिक्स, और विनिर्माण इकाइयाँ—वे ही सबसे कम वेतन पाते हैं। 2026 में भारत का श्रम सांख्यिकी विभाग यह स्पष्ट करता है कि मुद्रास्फीति की दर ने मध्यम और निम्न वर्ग के क्रय मूल्य को बुरी तरह प्रभावित किया है। जब एक तरफ सरकारी वेतन संरचनाएं 'महंगाई सूचकांक' के अनुसार अपने आप को समायोजित कर लेती हैं, वहीं निजी क्षेत्र का वेतन वर्षों तक स्थिर रहता है। यह एक प्रकार का 'आर्थिक भेदभाव' है जो कामगार के जीवन स्तर को संकुचित कर देता है। क्या एक निजी क्षेत्र के कामगार का बच्चा सरकारी कर्मचारी के बच्चे की तुलना में कम प्रतिभाशाली है कि उसे वह पोषण और शैक्षणिक सुविधाएं न मिलें, जो उसके विकास के लिए अनिवार्य हैं? यह प्रश्न हमारी सामाजिक न्याय की नीति पर एक बड़ा धब्बा है। न्यूनतम वेतन की समानता का तर्क किसी भी प्रकार से निजी क्षेत्र के विकास में बाधक नहीं है, बल्कि यह 'उपभोक्ता मांग' को बढ़ाने वाला सिद्ध हो सकता है। अर्थशास्त्र का यह बुनियादी सिद्धांत है कि जब कामगारों के हाथों में अतिरिक्त क्रय शक्ति होती है, तो वे बाजार में निवेश करते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था की गति बढ़ती है। यदि निजी क्षेत्र के करोड़ों कामगारों का न्यूनतम वेतन सरकारी मानकों के अनुरूप एक गरिमापूर्ण स्तर पर लाया जाए, तो भारत के आंतरिक बाजार में खपत का एक नया युग आएगा। यह निजी क्षेत्र के लिए 'लागत' नहीं, बल्कि एक 'निवेश' होगा जो बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा और बेहतर कार्य-क्षमता वाले श्रमबल के रूप में प्रतिफल देगा। वर्तमान में, स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण निजी क्षेत्र के कामगारों में जो कार्य-क्षमता का ह्रास हो रहा है, उसका नुकसान भी अंततः उद्योग जगत को ही उठाना पड़ता है। एक स्वस्थ, शिक्षित और सुरक्षित कामगार अपनी कंपनी के लिए एक संपत्ति होता है, न कि एक बोझ।

अतः यह समय आ गया है कि भारत में 'समान कार्य, समान न्यूनतम वेतन' के लिए एक एकीकृत राष्ट्रीय नीति का निर्माण किया जाए। 28 अप्रैल 2026 की स्थिति में, यह आवश्यक है कि सरकार सरकारी और निजी क्षेत्र के वेतन अंतर को पाटने के लिए एक त्रि-स्तरीय ढांचे का प्रस्ताव रखे। प्रथम, एक राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन सीमा का निर्धारण जो सीधे महंगाई सूचकांक से जुड़ा हो।

**डॉ. शैलेश शुक्ला**

## भारत वर्तमान में दुनिया...

आकांक्षा प्रवक्ता



# सोशल मीडिया की लतः युवाओं के भविष्य पर बढ़ता संकट

इक्कीसवीं सदी को 'सूचना क्रांति' और 'डिजिटल युग' के रूप में जाना जाता है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म ने संचार की परिभाषा ही बदल दी है। आज दुनिया हमारी उंगलियों पर सिमट चुकी है। लेकिन इस तकनीकी प्रगति के साथ ही एक अदृश्य महामारी ने जन्म लिया है, जिसे हम 'सोशल मीडिया एडिक्शन' या 'डिजिटल लत' कहते हैं। यह लत आज के युवाओं के लिए एक मीठे जहर की तरह काम कर रही है, जो धीरे-धीरे उनके शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्थिरता, सामाजिक मूल्यों और आर्थिक भविष्य को खोखला कर रही है। एक शिक्षक के रूप में यह देखना पीड़ादायक है कि हमारी युवा शक्ति का एक बड़ा हिस्सा रचनात्मकता के बजाय आभासी दुनिया के मायाजाल में उलझकर रह गया है।

भारत वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल बाजार बनने की राह पर है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 80 करोड़ से अधिक हो चुकी है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से लगभग 70% उपयोगकर्ता 15 से 30 वर्ष के युवा वर्ग के हैं। एक हालिया सर्वे के मुताबिक, औसत भारतीय युवा दिन के 4 से 6 घंटे सोशल मीडिया पर व्यतीत करता है। यदि हम इसे जीवन के कुल समय




के अनुपात में देखें, तो एक युवा अपने सक्रिय जीवन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा केवल स्क्रीन को स्क्रॉल करने में बिता रहा है। 2019 से 2024 के बीच सोशल मीडिया के उपयोग में 40% की भारी वृद्धि दर्ज की गई है, जो इस संकट की गहराई को दर्शाती है। यह आंकड़ा केवल समय की बर्बादी नहीं है, बल्कि उस उत्पादक श्रम का नुकसान है जो राष्ट्र निर्माण में लग सकता था।

सोशल मीडिया की लत का प्रभाव लिंग के आधार पर भी अलग-अलग स्वरूपों में देखा गया है। विभिन्न मनोवैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार, लड़कियों (Girls) में सोशल मीडिया का उपयोग अक्सर 'वैलिडेशन' यानी दूसरों से प्रशंसा पाने की इच्छा से जुड़ा होता है। वे इंस्टाग्राम और स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म पर अधिक समय बिताती हैं। यहाँ 'फिल्टर्ड' फोटो और सुंदरता के अवास्तविक पैमानों के कारण लड़कियों में 'बॉडी डिस्मॉर्फिया' (अपनी शारीरिक बनावट से असंतुष्ट होना) और ईर्ष्या का भाव अधिक देखा गया है। वहीं, लड़के (Boys) अधिकतर गेमिंग, यूट्यूब और ट्विटर (X) जैसे प्लेटफॉर्म पर समय बिताते हैं। लड़कों में 'डिजिटल एग्रेसन' और शॉर्ट-फॉर्म कंटेंट (रील्स) के माध्यम से डोपामाइन की त्वरित इच्छा अधिक देखी जाती है। लड़कों में गेमिंग की लत अक्सर उन्हें एकाकी बना देती है, जबकि लड़कियों में सोशल मीडिया की लत उन्हें सामाजिक रूप से अधिक चिंतित बना रही है।

सोशल मीडिया का सीधा प्रहार मनुष्य के मस्तिष्क पर होता है। जब भी कोई हमारी फोटो को 'लाइक' करता है या 'कमेंट' करता है, तो हमारे मस्तिष्क में 'डोपामाइन' नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो हमें वैसी ही खुशी का एहसास कराता है जैसी किसी नशीले पदार्थ के सेवन से होती है। यही वह कारण है जिसके लिए युवा बार-बार फोन चेक करते हैं। इसमें सबसे घातक है 'FOMO' (Fear of Missing Out)—यह एक ऐसी मानसिक स्थिति है जिसमें युवा को हर समय यह डर सताता है कि कहीं वह कुछ महत्वपूर्ण मिस न कर दे। यह डर उसे सोने नहीं देता और उसे हर 5 मिनट में फोन उठाने पर मजबूर करता है। इसके साथ ही तुलना का जाल युवाओं को हीन भावना की ओर धकेल रहा है, जहाँ वे दूसरों की नकली खुशी की तुलना अपने असली संघर्षों से करते हैं। इस समस्या का सबसे चिंताजनक पहलू गरीबी और सोशल मीडिया का सीधा संबंध है। समय ही धन है, और आज का युवा अपना सबसे कीमती समय 'स्क्रॉलिंग' में बर्बाद कर रहा है। जो समय किसी नई भाषा को सीखने, कोडिंग सीखने, या किसी हुनर को निखारने में लगना चाहिए था, वह रील्स देखने में जा रहा है। इसका परिणाम यह होता है कि युवा डिग्री तो ले लेता है, लेकिन उसके पास बाजार की मांग के अनुसार 'स्किल' नहीं होती। घंटों तक मोबाइल में खोए रहने से शरीर में आलस्य बढ़ जाता है और युवा कठिन मानसिक या शारीरिक श्रम से बचने लगता है। जब युवा पीढ़ी काम करने के बजाय केवल मनोरंजन में डूबी रहेगी, तो व्यक्तिगत और राष्ट्रीय उत्पादकता गिरेगी, जो सीधे तौर पर गरीबी को आमंत्रण है।

# शिक्षा और उद्योग का संगम

## अलीगढ़ के औद्योगिक पुनर्जागरण और आत्मनिर्भरता की नई इबारत

अलीगढ़ जनपद की पहचान सदैव से उसके ऐतिहासिक गौरव, उच्च शैक्षणिक विरासत और विश्व प्रसिद्ध तालों से रही है, लेकिन अब यह जनपद अपनी पारंपरिक पहचान को आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के साथ जोड़कर एक बड़े बदलाव की दहलीज पर खड़ा है। उत्तर प्रदेश सरकार की वर्तमान पहल, जो स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के पाठ्यक्रमों को नया स्वरूप देने की दिशा में अग्रसर है, न केवल एक प्रशासनिक सुधार है बल्कि यह 'स्किल इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे राष्ट्रीय संकल्पों को धरातल पर उतारने का एक सशक्त माध्यम भी है। मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह के हालिया अलीगढ़ दौरे ने इस विजन को और स्पष्ट कर दिया है कि अब समय पारंपरिक किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर कौशल आधारित व्यावहारिक शिक्षा को अपनाने का है। यह पहल 'एक जनपद, एक उत्पाद' (व्क्व्च्) योजना को सीधे शिक्षा तंत्र से जोड़ती है, जिससे स्थानीय युवाओं को अपनी ही माटी में रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। अलीगढ़ के संदर्भ में इसका औचित्य और भी गहरा हो जाता है क्योंकि यहाँ का ताला और हार्डवेयर उद्योग केवल एक व्यापार नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक विरासत है। यदि तकनीकी संस्थानों में ताला निर्माण, आधुनिक मशीनिंग और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे विषयों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाता है, तो इससे शिक्षा और उद्योग के बीच की वह दूरी समाप्त हो जाएगी जो अक्सर स्नातक होने के बाद भी युवाओं को बेरोजगार बनाए रखती है। वर्तमान समसामयिक परिदृश्य में जब जेवर एयरपोर्ट और डिफेंस कॉरिडोर जैसे विशाल प्रोजेक्ट्स पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आर्थिक तस्वीर बदल रहे हैं, तब कुशल जनशक्ति (ैपसससमक डंदचवूमत) की मांग भी तेजी से बढ़ी है। सीमेंट उद्योग और उभरते औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए नए ट्रेड और कौशल आधारित पाठ्यक्रम यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानीय प्रतिभाओं को बाहरी दुनिया में भटकने के बजाय स्थानीय स्तर पर ही सम्मानजनक आजीविका मिले। यह रणनीतिक बदलाव छात्रों को न केवल नौकरी पाने के काबिल बनाएगा, बल्कि उनमें उद्यमिता का बीज भी बोएगा, जिससे वे छोटे-छोटे स्टार्टअप और कार्यशालाओं के माध्यम से स्वयं 'रोजगार दाता' बन सकेंगे। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के बीच समन्वय स्थापित करना है, ताकि समय-समय पर पाठ्यक्रमों को बाजार की मांग के अनुसार अपडेट किया जा सके। जेडी माध्यमिक मनोज गिरी जैसे अधिकारियों का इस पहल को समर्थन देना इस बात की पुष्टि करता है कि शासन और प्रशासन दोनों ही शिक्षा को विकास और समृद्धि का आधार बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। समग्र रूप से देखा जाए तो अलीगढ़ की यह 'इंडस्ट्री-कनेक्ट' शिक्षा प्रणाली पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकती है। यह पहल साबित करती है कि जब शिक्षा को स्थानीय जरूरतों और संभावनाओं के साथ जोड़ा जाता है, तो वह केवल डिग्री देने का माध्यम नहीं रह जाती, बल्कि समाज के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की रीढ़ बन जाती है।

## जरा हटके

## यह महज एक ...

अशोक भाटिया

# सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में दवा और इलाज की कीमतों पर उठे सवाल

सरकारी हॉस्पिटल के सामने बनी मेडिकल, दवाइयां या सर्जिकल सामान इतना महंगा देते क्योकि उनको अपने व्यपार का मुनाफा सुविधा शुल्क के रूप में इन सभी सरकारी हॉस्पिटल के डॉक्टर कर्मचारी उस एरिया का ड्रग इंस्पेक्टर पुलिस म्युनिसिपेलिटी आदि को हिस्सा देना होता है. इसलिए जो चीज 100 की आती है उसे 400 में देते हैं क्योकि वो व्यापर करते है इंसानियत नहीं. सरकारी हॉस्पिटल ज़्यादातर गरीब लोग जाते है इसलिए यह ज्यादा तकलीफदेह हो जाता है. प्राइवेट हॉस्पिटल वाले तो लोगो को लूटने के लिए खुद अपना फार्मेसी हॉस्पिटल के अंदर के रखते है जो इंजेक्शन बाहर मार्किट की फार्मेसी से 2750 का मिल सकता है वही प्राइवेट हॉस्पिटल की फार्मेसी आपको 8000 में देते है. दिल्ली एनसीआर में मेदांता हॉस्पिटल है गुरुग्राम में यह मेरा निजी अनुभव है लेकिन डॉक्टर बहुत अच्छे तजुर्बेकार है इलाज अच्छा होता है लेकिन पैसे आप को उनके मनमाने हिसाब से देना होता है जिनका हेल्थ इन्शुरन्स होता है या CGHS वाले सभी को परेशान ही देखा है। इसके अलावा आज कल देश में दवाओं की कीमत सरकार नहीं बल्कि डॉक्टर खुद तय कर रहे हैं। डॉक्टर अपने मुताबिक ब्रांड बनवाते हैं। कीमत फिक्स करते हैं। 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए कर दी जा रही है। यह महज एक एग्जाम्पल है, ऐसा तमाम दवाओं में किया जा रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं, 20 साल में 40 हजार करोड़ से दवा का कारोबार 2 लाख करोड़ के पास पहुँच गया है। इसका बड़ा कारण वह एमआरपी में बड़े खेल को मानते हैं। 2005 से 2009 तक 50 प्रतिशत एमआरपी पर



दवाएँ बिक रही थी। अगर 1200 रुपए की एमआरपी है तो डीलर को 600 रुपए में दी जाती थी। अब डॉक्टर अपने हिसाब से ही एमआरपी तय करवा रहे हैं जबकि नियमों के अनुसार डॉक्टर दवाओं के रेट तय नहीं करते। दवाओं के रेट, दवा बनाने वाली कंपनियाँ तय करती हैं। दवाओं के रेट तय करने में कई कारक शामिल होते हैं। दवाओं पर व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होता है। ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज्यादा से ज्यादा 20 25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50-70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुजरना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, बैंड का नाम, मैन्युफैक्करर की जानकारी, मैन्युफैक्करिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है। दवाओं या उनके अवयवों के बारे में जानकारी के लिए, डॉक्टर या फार्मासिस्ट से पूछा जा सकता है मगर जो दवाएँ सरकार के कंट्रोल से बाहर, उनमें मनमानी दवा की क्वालिटी और एमआरपी की निगरानी के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइस अथॉरिटी काम करती है। सरकार ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से दवा की एमआरपी पर नियंत्रण रखती है। आवश्यक और जीवन रक्षक दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य निर्धारित करने के साथ डीपीसीओ की जिम्मेदारी मरीजों के लिए दवाएँ सस्ती और सुलभ कराने की भी है। सरकार जिन दवा को डीपीसीओ के अंडर में लाती है, उनकी एमआरपी तो कंट्रोल में होती है, लेकिन सैकड़ों फॉर्मूलें की दवाएँ आज भी सरकार के कंट्रोल से बाहर है जिसकी एमआर पी में मनमानी चल रही है।

# ज्ञान का महत्व

शास्त्र कहते हैं कि सच्चा सुख कभी बाहरी वस्तुओं व बातों से नहीं मिलता हैं । वह तो भीतर की अनुभूति से ही प्राप्त होता हैं । हमारा जब मन शांत हो जाता है, कामनाएं क्लांत नहीं करती , भावनाएं मिथ्या प्रलोभनों से भ्रांत नहीं होती वह तब अंतर में हमारा वास्तविक सुख का द्वार खुलता है, महसूस होने लगता है । यही तो जीवन का सार है । वह तब स्पष्ट लगने लगता है कि सुख का स्रोत वस्तु में नहीं है । वह भीतरी स्थिति में हैं । हमारे जीवन में ज्ञान का बहुत महत्व हैं । ज्ञान से आदमी को प्रकाश , आलोक मिलता हैं । प्राकृत साहित्य में कहा गया - नाणं पयासयरं ज्ञान प्रकाश करने वाला होता हैं । ज्ञान के अभाव में आदमी अज्ञान रूपी अंधकार से अंधा बना हुआ रहता हैं । गुरु का जो महत्व हैं उसमें मुख्य आधार यही हैं कि गुरु ज्ञान देने वाले होते हैं । गुरु ऐसी बात बताते हैं कि जीवन का पथ आलोकित हो जाता हैं । गु का अर्थ हैं अन्धकार और रू का अर्थ हैं उसका निरोध या निवारण करने वाला । अन्धकार का निवारण करने वाला आदमी गुरु कहलाता हैं । भारतीय संस्कृति में गुरु को बड़ा सम्मानपूर्ण स्थान दिया गया हैं । गुरु की स्तुति में कहा गया हैं कि अज्ञान रूपी अन्धकार से जो लोग अन्धे बने हुए हैं, उनकी ज्ञान रूपी अंजनशाला से जिसने आंखे खोल दी, उस गुरु को नमस्कार । महात्मा बुद्ध का प्रसंग है । जब लोग उनके पास आए और कहा - महाराज ! हमारे गांव में एक आदमी हैं । वह न सूर्य को मानता हैं और न प्रकाश को मानता हैं । आप उसे समझाइए । बुद्ध ने कहा कि समझाने की जरूरत नहीं हैं । मैं एक वैद्य बता दूंगा । वह उसकी आंखे खोल देगा । वह फिर अपने आप प्रकाश को मान लेगा । अन्धा आदमी सूर्य को प्रकाश को क्या मानेगा ? उसकी आंखो की चिकित्सा की गईं । आंखो में रोशनी आ गईं । फिर उसने स्वतः स्वीकार कर लिया कि सूरज हैं, प्रकाश हैं । गुरु का काम हैं विद्यार्थी या शिष्य की आंख को उद्घाटित कर देना । भारतीय वांगम्य में विभिन्न धर्म ग्रन्थ हैं । साहित्य जगत में अनेक ग्रन्थ ऐसे मिलते हैं, जिनमें गुरु की वाणी हैं, ज्ञानियों की वाणी हैं । उस वाणी को पढ़ने से भी प्रकाश मिलता हैं । कुंए का मेंढक यही सोचता हैं की दुनिया उतनी ही बड़ी हैं और वह दुनिया के चक्कर लगा आया। यह उसके ज्ञान का अभाव हैं दुनिया तो बहुत बड़ी हैं एक से एक ज्ञानी, योग्य, धानाड्य यहां पर हैं फिर में ही क्यों किस बात का मेरा किस बात का ..? अहंकार की टंकार से क्रोध की परिणिति होती हैं और विनय विवेक नम्रता आदि कि विदाई हो जाती हैं ।

**> प्रदीप छाजेड़**

### एक का सिर कटकर दूर गिरा, बच्चे का मुंडन कराने जा रहा था परिवार, बोलेरो ओवरटेक करने के चक्कर में आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई

# उन्नाव में 6 की मौत, 3 महिलाओं के टुकड़े हुए

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में बुधवार को हुए सड़क हादसे में 5 महिलाओं और ड्राइवर की मौत हो गई। मरने वालों में देवरानी-जेठानी और उनकी 2 बेटियों के अलावा पड़ोसी महिला भी शामिल है। हादसे में एक महिला का सिर धड़ से अलग हो गया, दो अन्य महिलाओं के शरीर टुकड़ों में बंट गए। चीख-पुकार सुनकर लोग पहुंचे तो सड़क किनारे 6 फीट नीचे लाशों का ढेर पड़ा था। खून से सने बॉडी पाट्‌र्स बिखरे पड़े थे। 2 बच्चों समेत 5 लोगों की हालत गंभीर थी।



हादसे में तीन महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई। बोलेरो में ड्राइवर सहित 11 लोग सवार थे।

दरअसल, तेज रफ्तार बोलेरो ओवरटेक करने के चक्कर में आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। उसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने भी बोलेरो को टक्कर मार दी। दोनों ट्रकों के बीच फंसकर बोलेरो बुरी तरह पिस गई। इसके बाद बोलेरो और पीछे चल रहा ट्रक सड़क किनारे 6 फीट नीचे जाकर पलट गए।

बोलेरो में 11 लोग सवार थे और बच्चे का मुंडन कराने चंडीदेवी मंदिर जा रहे थे। सीएम योगी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के घरवालों को 2-2 लाख रुपए देने का ऐलान किया। हादसा सुबह करीब 10.30 बजे उन्नाव-रायबरेली मार्ग पर बिहार थाना क्षेत्र में हुआ।

पठई थाना क्षेत्र के मौरावां गांव में रहने वाले सूरज सिंह के 3 साल के बेटे शुभ का बुधवार को मुंडन था। एक बोलेरो गाड़ी से परिवार के 10 लोग बक्सर गांव के चंडीदेवी मंदिर जाने के लिए सुबह निकले थे।

बिहार थाना क्षेत्र के कीरतपुर गांव के पास ओवरटेक के चक्कर में बोलेरो आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। अचानक हुई इस टक्कर से बोलेरो की स्पीड कम हो गई और पीछे से आ रहे ट्रक ने भी उसमें ठोकर मार दी।

### बच्ची बोली- मैं सो रही थी, लोग मेरे ऊपर गिर पड़े

घायल बच्ची लखनऊ के निगोहा निवासी गौरी (13) ने बताया- मैं गाड़ी में सो रही थी। अचानक तेज झटका लगा। मेरी आंख खुल गई। जब तक कुछ समझ पाती, कई लोग मेरे ऊपर ही गिर पड़े। मैं दब गई। बोलेरो ड्राइवर के भतीजे गोलू ने बताया- चाचा रामधनी किराए पर कार चलाते हैं। गांव के एक परिवार के मुंडन संस्कार की बुकिंग थी। सुबह गांव के 10 लोगों को लेकर गए थे।

> सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा ने बताया-एक परिवार मुंडन कराने मंदिर जा रहा था। रास्ते में उनकी बोलेरो एक ट्रक से टकरा गई। फिर बोलेरो और ट्रक खाई में पलट गए। तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में कुल 6 लोगों की मौत हुई है।



गांववालों की मदद से घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। शवों को पॉलिथीन में भरकर पोस्टमॉर्टम को भेजा गया।

## मथुरा में देह व्यापार पर बड़ा प्रहार गेस्ट हाउस पर छापा, 9 हिरासत में

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। धर्मनगरी मथुरा में अवैध देह व्यापार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चौकी बाग बहादुर क्षेत्र स्थित श्री गिरिराज गेस्ट हाउस में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई का नेतृत्व सीओ सिटी आशना चौधरी ने किया, जिनकी सख्त कार्यशैली के चलते उन्हें क्षेत्र में "लेडी सिंघम" के नाम से भी जाना जाता है।

पुलिस टीम ने गेस्ट हाउस में छापेमारी कर मौके से 5 युवकों और 4 महिलाओं को हिरासत में लिया। कार्रवाई के दौरान कई संदिग्ध वस्तुएं भी बरामद की गईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गेस्ट हाउस की आड़ में लंबे समय से संगठित तरीके से देह व्यापार संचालित किया जा रहा था।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस को इस अवैध गतिविधि की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। गुप्त सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई। अचानक हुई इस




कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, हालांकि पुलिस ने घेराबंदी कर सभी संदिग्धों को पकड़ लिया। सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चौकी बाग बहादुर में स्थित गेस्ट हाउस में अवैध गतिविधियों की सूचना पर छापेमारी की गई। मौके पर महिला और पुरुष संदिग्ध अवस्था में मिले, जिनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की सख्ती की सराहना की है।

**फास्ट न्यूज**

### गाजीपुर में ट्रेनों पर पथराव रोकने अभियान

गाजीपुर । गाजीपुर में रेलवे पुलिस अधीक्षक, गोरखपुर के निर्देश पर थाना जीआरपी गाजीपुर सिटी की टीम ने रेलवे स्टेशन ताजपुर डेहमा क्षेत्र में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकना और रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध होने से बचाना है।

वहीं थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ रेलवे ट्रैक के किनारे बसे गांवों का दौरा कर लोगों को इसके गंभीर परिणामों से अवगत कराया।

### काशी में तेज हवा में निर्माणाधीन बिल्डिंग की दीवार गिरी

वाराणसी । वाराणसी के हुकुलगंज तिराहे के पास बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। तिवारी मिष्ठान के पीछे निर्माणाधीन बिल्डिंग की दीवार तेज हवा के चलते अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय वहां कई मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें एक अचेत मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि कई अन्य के घायल होने की सूचना है।

दीवार गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और मलबे में दबे लोगों को निकालने का प्रयास किया।

### वाराणसी में लापता युवक का शव गंगा में मिला

वाराणसी । वाराणसी के चितईपुर थानाक्षेत्र के करौंदी इलाके के महामनपुरी कालोनी से स्टेटस लगाकर लापता हुए निखिल राय उर्फ निशु का शव बुधवार को पुलिस ने बरामद किर लिया। लापता हुए निशु का शव रविदास घाट पर गंगा में उतराता मिला। गंगा में शव देखकर हड़कंप मच गया

निशु 27 अप्रैल की सुबह साढ़े दस बजे से लापता था।

## टीम ने मांस विक्रेताओं की दुकानों का किया निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । जनपद के जिलाधिकारी द्वारा आदेश क्रम में संयुक्त मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी-नवाबगंज, बाराबंकी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नवाबगंज, बाराबंकी, तहसीलदार नवाबगंज, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नगर पालिका जोन-01 व 02, बाराबंकी एवं पुलिस बल के साथ शहर में स्थित मीट शॉप की दुकान ऑन का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम के निर्देश के क्रम में टीम ने क्रमशः-मोहम्मद अहमद पुत्र मुन्ना कुरेशी, (मीट शॉप), पता-पीरबटावन,वाल्दा रोड, वार्ड नं0-24, भीतरी पीरबटावन, बाराबंकी, -अल करीम मीट शॉप पता-बालदा रोड, नियर जमील होटल, वार्ड नं0-10, पीरबटावन, बाराबंकी, -मो0 रिजवान अन्सारी पुत्र मो0 अल्ताफ अन्सारी (मीट



शॉप) पता-नई बस्ती, पीरबटा-वन, वार्ड नं0-10, पीरबटावन ईस्ट, बाराबंकी, ताज अहमद खान पुत्र मुमताज अहमद खान (मीट शॉप) पता-मोहल्ला फैजुल्लागंज, बनवा रोड के पास, फैजुल्ला गंज, नवाबगंज तहसील, बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया गया । मौके पर खाद्य कारोबार से सम्बन्धित प्रपत्र/बिल बाउचर प्रस्तुत नहीं किये गये पाये गये मीट खाद्य कारोबारकर्ताओं पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की धारा-56 के अन्तर्गत कार्यवाही संचालित की जा रही है।

### पूर्व दो सूचना निदेशक के अलावा एक दर्जन सेवानिवृत अधिकारियों को मिला सम्मान

# रिटायर्ड इनफॉरमेशन जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन रिज़वा का सम्मान समारोह

- अध्यक्ष विजय राय और सचिव रिज़वा ने तह दिल से शुक्रिया अदा किया
- सूचना विभाग महत्वपूर्ण विभाग अधिकारी इसकी गरिमा और सम्मान को बनाए रखें -अतिथि

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सेवानिवृत्त प्रमुख अधिकारियों द्वारा रिटायर्ड इनफॉरमेशन जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में रिजवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जैसा कि ज्ञात है कि देश में सूचना और शिक्षा के जरिए महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में चेतना जगाई, उनके साथ उनकी पत्नी माता सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा समाज सुधार सूचना की जो अलख जगाई इससे हमारा सबका आज मार्ग प्रशस्त हो रहा है, वैसे तो अप्रैल का महीना भारतीय इतिहास और समाज सुधार की दृष्टि से बेहद खास है, इस वर्ष महात्मा ज्योतिबा





> विगत दिनों सूचना विभाग का स्थापना दिवस कार्यक्रम समाज के जागरूक लोगों द्वारा 11 अप्रैल को लखनऊ आजमगढ़ कानपुर मनाया गया था जिसमें लोगों ने सुझाव दिया कि 11 अप्रैल को भव्य आयोजन कर सूचना शिक्षा का संदेश के साथ ही सरकार की उपलब्धियां कार्यक्रमों को भी जन जन तक पहुंचाहा जाए साथ ही विभाग में लंबी सेवा देने वाले सेवानिवृत अधिकारियों पत्रकारों और कलाकारों को सम्मानित करने की परंपरा की शुरू होनी चाहिए.लखनऊ वरिष्ठ पत्रकार अमोद कुमार श्रीवास्तव, प्राग दत्त, डॉ अवधेश कुमार, पूर्व अधिकारी, पूर्व उपनिदेशक सुरेश उजाला, आजमगढ़ रायबरेली के वरिष्ठ प्रकार और समाजसेवी श्रवण कुमार, संपादक आनंद , कानपुर के संपादक वीरेंद्र शर्मा, प्रयागराज के पूर्व अधिकारी शक्ति कृष्ण त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार और संपादक की के के वत्स ने बताया कि सूचना विभाग आजादी के समय से ही सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहा है देश के विकास मैं सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रेस विज्ञप्तिया, एलईडी ,होडिंग, कल्चरल प्रोग्राम नाट्य विधा आदि के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार किया जाता रहा है.

फुले की २०० वी जयंती वर्ष का शुभारंभ माननीय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया जा चुका है जो कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है, माह अप्रैल में भारतीय संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भी याद किया जाता है जिन्होंने देश में न्याय समानता आदि का अधिकार देकर देश को नई दिशा दी. सेवानिवृत्त अधिकारियों के संगठन रिज़वा द्वारा पार्क रोड के निकट सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित किए गए कार्यक्रम में विभाग के दो पूर्व सूचना निदेशकों के अलावा 11 सेवानिवृत अधिकारियों को सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि न्यायाधीश राघवेंद्र कुमार ने कहा की सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सरकार की लोकप्रियता और जनता का एक सशक्त माध्यम है ।

### गोरखपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने 10 मीटर घसीटा, सड़क पर बिखरे मांस के टुकड़े

# बीएसएफ जवान तड़पता रहा लोग वीडियो बनाते रहे

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर में बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बुधवार को बीएसएफ जवान को पहले टक्कर मारी। फिर 10 मीटर तक घसीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मांस के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। 25 मिनट बाद तक बीएसएफ जवान सड़क पर ही तड़पता रहा। इस दौरान लोग वीडियो बनाते रहे। तभी कुछ राहगीर उसे एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं।

बीएसएफ जवान असम में तैनात था। 21 अप्रैल को वह छुट्टी पर



पवन, मृतक

गांव आया था। वहीं, हादसे के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर भाग गया। बीएसएफ जवान की मौत के बाद पत्नी और परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। हादसा झंगहा थाना क्षेत्र में हुआ। ब्रह्मपुर विकास खंड के ग्राम बेलवा में रहने वाला पवन (35) बीएसएफ जवान था। बुधवार सुबह 8 बजे पवन बाइक से चौरीचौरा जा रहा था। परसौनी के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पवन सड़क किनारे गिर गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए में फंसकर वह करीब 10 मीटर तक घिसटता चला गया। इससे उसका पैर फट गया। मांस के टुकड़े काफी दूर तक बिखर गए।



### अस्पताल पहुंचने से पहले ही थमीं सांसें

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से पवन को गोरखपुर ले जाया जा रहा था। लेकिन, रास्ते में उसकी हालत बिगड़ती चली गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। पवन के परिवार में पत्नी चंदा, बेटा अभय (5) और बेटी हर्षिता (2) हैं। पवन की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आगरा डीपीएस स्टूडेंट पर एफआईआर में 3 पुलिसकर्मी निलंबित

आगरा । आगरा के थाना सिकंदरा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में पंच मारकर दसवीं के छात्र के दांत और जबड़ा तोड़ने के मामले में पुलिस ने तीन दिन बाद एफआईआर दर्ज की। इस एफआई-आर के बाद पुलिस खुद कटघरे में खड़ी हो गई। सात साल से कम सजा वाले अपराध में बिना किशोर न्याय बोर्ड की रिपोर्ट के नाबालिग पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती, लेकिन पुलिसकर्मियों ने नियमों का पालन नहीं किया। इसके बाद दरोगा और दो पुलिसकर्मी निलंबित कर दिए गए। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश देते हुए नाबालिग पर दर्ज प्राथमिकी को समाप्त कर दिया गया। 25 अप्रैल को डीपीएस में पढ़ने वाले 10वीं के छात्र का दूसरे छात्र ने मुंह पर पंच मारकर दांत तोड़ दिए थे। घायल छात्र के पिता पीयूष मल्होत्रा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। उन्होंने बताया- मेरा बेटा डीपीएस शास्त्रीपुरम में 10वीं क्लास में पढ़ता है।

## उपजिलाधिकारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण





तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उफजिलाधिकारी गूंजिता अग्रवाल ने तहसीलदार के साथ हरख विकासखंड के विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा की जमीनी हकीकत परखी । ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल नवाबगंज बाराबंकी एवं तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह नवाबगंज द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय हरख, उच्च प्राथमिक विद्यालय सतरिख व प्राथमिक विद्यालय हरख एवं विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया तथा मिड-डे मील में दिये जा रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गयाद्य साथ ही साथ शिक्षा की गुणवत्ता साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिए जाने के उन्होंने निर्देश दिए।

तेज तर्रार एसडीम गूंजिता अग्रवाल के द्वारा शैक्षणिक सत्र को बेहतर बनाए जाने के उद्देश्य किए गए निरीक्षण से आने वाले समय में शिक्षा के माहौल में सुधार आवश्यक होगा ऐसा लोगों के द्वारा सुना जा रहा है।

### कामयाबी : जेनेटिक बीमारी से जूझ रहे बच्चे को मिला नया जीवन, पिता बने डोनर

# यूपी में पहली बार हुआ 'हाफ मैच' स्टेम सेल ट्रांसप्लांट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ ।SGPGI के डॉक्टरों ने यूपी में पहली बार हाफ-मैच' स्टेम सेल यानी हैप्लोआइडेंटिकल हेमेटो-पोएटिक सेल ट्रांसप्लांट करने में कामयाबी हासिल की हैं।।जिसके चलते 8 साल के बच्चे को नया जीवन मिला है। यह प्रत्यारोपण बेहद ही जटिल था, लेकिन एसजीपीजीआई के दिग्गज डॉक्टरों की टीम ने रिस्क लिया और बच्चे ने जेनेटिक बीमारी को मात दे दी।

दरअसल, महज चार वर्ष की उम्र में एक बच्चे को बार-बार मुंह में छाले और गंभीर खुजलीदार घाव होने लगे। बीमारी कम होने के



बजाय बढ़ती ही जा रही थी, धीरे-धीरे बच्चे के लिवर व तिल्ली का आकार भी बढ़ गया। इतना ही नहीं उसके पूरे शरीर में लिम्फनोड्स हो गए। साथ ही बच्चा खून की कमी से भी जूझ रहा था। बार-बार बीमार होने पर बच्चे को अस्पताल में भर्ती करना पड़ता था, इसी बीच चार साल बीत गये, आठ साल की उम्र में लंबे इलाज के बाद बच्चा एसजीपीजीआई पहुंचा। जहां पर जांच के दौरान बच्चे को ऑटोइम्यून लिम्फोप्रोलिफेरेटिव सिंड्रोम₹



डॉ.कौशिक मंडल, प्रमुख, जेनेटिक्स विभाग, लखनऊ

### खतरनाक होती है यह बीमारी

डॉ.कौशिक ने बताया कि यह बीमारी ₹FAS₹ नाम के जीन में म्यूटेशन के कारण होती है। इस विकार में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली स्वयं से ही लड़ने लगती है, जिसे ऑटोइम्यून डिसऑर्डर कहा जाता है। जिसके कारण विभिन्न प्रकार के रक्त कोशिकाओं में कमी आ जाती है, यही वजह है कि इससे मरीज को एनीमिया होता है और न्यूट्रोफिल में कमी आती है, जिससे संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है।

(एएलपीएस) नामक एक दुर्लभ जेनेटिक बीमारी होने का पता चला। यही वजह है कि इसे इसे हाफ-मैच प्रत्यारोपण भी कहा जाता है।

### जोखिम भरा था प्रत्यारोपण

मेडिकल जेनेटिक्स विभाग के एचओडी डॉ. कौशिक मंडल के मुताबिक बच्चा एएलपीएस (ALPS) नामक दुर्लभ जेनेटिक बीमारी से ग्रसित था। जिससे बच्चे के जीवन पर खतरा बढ़ता ही जा रहा था। ऐसे में बच्चे की जांच कर हैप्लोआइडेंटिकल हेमेटोपोएटिक सेल ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि यह भी एक प्रकार का स्टेम सेल प्रत्यारोपण ही है, जिसमें मरीज के शरीर में ऐसे डोनर (दाता) से स्टेम सेल लेकर प्रत्यारोपित की किया जाता हैं, जो आनुवंशिक रूप से केवल 50% ही मेल खाती हैं।

उन्होंने बताया कि इस प्रत्यारोपण में बच्चे पिता ही डोनर रहे। उन्होंने बताया इस प्रत्यारोपण में बच्चे का शरीर यदि पिता के स्टेम सेल को स्वीकार नहीं करता तो हल्के संक्रमण से भी उसकी जान को खतरा हो सकता था।

# मेरठ में टीबी उन्मूलन अभियान को मिली रफ्तार

### हैंडहेल्ड एक्स-रे शिविरों में टीबी के साथ एचआईवी, शुगर, हीमोग्लोबिन व बीएमआई जांच

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ । मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में बुधवार, 29 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक अहम प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. विपुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एचएल-एफपीपीटी के प्रोजेक्ट "सशक्ति" के माध्यम से स्टाफ को QR कोड आधारित जांच प्रणाली की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. विपुल कुमार ने 100 दिवसीय अभियान की समीक्षा करते हुए सभी इंडिकेटर्स को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच की जा रही



है। इन शिविरों में टीबी के साथ-साथ HIV, हीमोग्लोबिन, शुगर और BMI की भी जांच की जा रही है। उन्होंने NTEP स्टाफ को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में होटल व ढाबों के कर्मचारियों की टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करें और सभी मरीजों की आभा आईडी भी बनाई जाए। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि टीबी जांच के लिए आने वाले व्यक्तियों के बलगम के क्वालिटी सैंपल लेकर QR कोड के माध्यम से जांच प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

> कार्यशाला में सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर, सीनियर ट्यूबरक्लोसिस लैबोरेट्री सुपरवाइजर और लैब टेक्नीशियन को क्यूआर कोड प्रणाली को गंभीरता से सीखने और सभी इंडिकेटर्स समय से पूरे करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में इलाज ले रहे मरीजों के हेल्थ एक्शन को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

## 7 फ्लोर को चपेट में लिया, लोग भागे, घर जलता देख महिलाएं फूट-फूटकर रोईं

# 15 मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गाजियाबाद । गाजियाबाद में बुधवार सुबह 8.30 बजे 15 मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। आग गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी के टावर-डी में 9वें फ्लोर पर लगी। देखते ही देखते आग ने 7 मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार करीब 5 किमी दूर से दिखाई दे रहा था। गनीमत रही कि फ्लैट में रहने वाले लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकल आए। सीढ़ियों से नीचे की ओर भागे। अपना घर जलते देखकर महिलाएं फूट-फूटकर रो पड़ीं। सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई। धुएं की वजह से



कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। उन्हें तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के प्रयास में जुट गईं। बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में लगी आग पर काबू पाने के लिए हाइड्रोलिक क्रेन की मदद ली गई। बगल की बिल्डिंग के लोग भी पाइप से आग बुझाने में जुट गए। इस बीच, सीएम योगी ने घटना का संज्ञान लेकर अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा- मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस कमिश्नर, डीएम को भी मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। करीब 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। एम्बुलेंस और पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद हैं। बिल्डिंग और आसपास की इमारतों को खाली करा लिया गया है। लोगों को इलाके से दूर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। घटना इंदिरापुरम इलाके के अभय खंड की है।

### कमरे का डबल लॉक काटकर महिला को रेस्क्यू किया

एडिशनल पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) राजकरण नय्यर ने बताया कि अब आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। रेस्क्यू के दौरान एक महिला को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिसके लिए कमरे का डबल लॉक काटना पड़ा। इसी तरह एक बुजुर्ग व्यक्ति को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया, जो उस समय ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। अब कूलिंग और जांच की कार्रवाई की जा रही है, ताकि किसी भी तरह का दोबारा खतरा न बने और पूरे परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**11वीं मंजिल पर बने फ्लैट में रहने वाला शख्स आग बुझने के बाद ऊपर पहुंचा। जब उन्होंने अपना जला हुआ घर और सामाना देखा तो उनके होश उड़ गए। वो बेसुध होकर जमीन पर बैठ गए।**



■ फ्लैट में आग के बाद अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया। अपने घर को जलता देखकर महिलाएं फूट-फूटकर रोईं।

### डीएम बोले- जनहानि नहीं हुई, फायर ब्रिगेड की टीम एक-एक फ्लैट की जांच कर रही

डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझा दिया है। आग से 60 लोग प्रभावित हुए हैं। सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। एक महिला और एक बुजुर्ग को अस्पताल भेजा गया। उनकी हालत अब ठीक है। आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम एक-एक फ्लैट की जांच कर रही है।

## 100 करोड़ के आईपीएल सट्टा रैकेट का खुलासा

### आरोपियों ने पुलिस को फॉर्च्यूनर से मारी टक्कर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

झांसी। झांसी पुलिस ने आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टा खिलाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुस्तरा से सखी के हनुमान मंदिर के पास स्थित जेडीए कॉलोनी क्षेत्र में छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। दबिश के दौरान आरोपियों ने बचने के लिए पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। उन्होंने अपनी फॉर्च्यूनर कार से सरकारी बोलेरो में टक्कर मार दी।

इससे वाहन चालक और उपनिरीक्षक निखिल कुमार घायल हो गए। हालांकि पुलिस ने सूझबूझ से काम लेते हुए तीनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया। पूरा मामला नवाबाद थाना क्षेत्र का है।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 8



मोबाइल फोन, 1 टैबलेट, 84,500 रुपए नकद और एक फॉर्च्यूनर कार बरामद की गई है। इसके अलावा करीब 100 करोड़ रुपए के अवैध सट्टे का बहीखाता भी पुलिस के हाथ लगा है। पुलिस ने जांच के दौरान अलग-अलग बैंक खातों में जमा लगभग 50 लाख रुपए भी फ्रीज कराए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 1ex99.in और bbmw99.com जैसी वेबसाइट्स के जरिए आईपीएल मैचों पर सट्टा खिलाते थे। ये लोग यूजर आईडी बनाकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते थे और अवैध कमाई को अलग-अलग बैंक खातों में जमा करते थे।

**फास्ट न्यूज**

### ड्राइवर अपने अपहरण में अरेस्ट

कानपुर । कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने अपहरण की झूठी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की जांच में यह कहानी झूठी पाई गई। जांच के दौरान, पुलिस को युवक के बयानों में विरोधाभास मिला और जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि अपहरण की कहानी मनगढ़ंत थी। युवक ने किसी अज्ञात कारणवश यह झूठी सूचना फैलाई थी। झूठी सूचना देने और पुलिस का समय बर्बाद करने के आरोप में युवक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मां की चिता के बगल में बेटियां दफन

कानपुर। महाराजपुर में जहरीला पदार्थ खाकर जान देने वाली महिला और उसकी दो बेटियों के शव का बुधवार को पोस्टमार्टम किया गया। रिपोर्ट में जहरीला पदार्थ खाने से मौत की पुष्टि हुई। इस दौरान परिजनों ने बताया कि चांदनी को मायके में बैठ कर रोटियां तोड़ने का अक्सर ताना दिया जाता था। चांदनी की मां ने पुलिस को बताया कि बेटी ने करीब एक माह पहले कहा था कि मैं जिस दिन मरूंगी, अपनी बेटियों को साथ लेकर मरूंगी। उसका कहना था कि, पिता पहले ही बच्चियों को छोड़ चुका है, मेरे जाने के बाद बेटियां बेसहारा हो जाएंगी। इसके चलते उसने पहले बेटियों को जहर खिलाया, फिर खुद जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

### आगरा में युवती को घर से घसीटा

आगरा । आगरा में शादी से मना करने पर युवक का दुस्साहस सामने आया है। गैर धर्म का युवक युवती के घर में घुस आया और घसीटते हुए ले गया। युवती अपनी बहन को बचाने के लिए हाथ पकड़कर खींचती रही लेकिन आरोपी उसे भी घसीटते ले गया। बाद में युवती को पकड़कर 8 किलोमीटर दूर कुबेरपुर ले गया। युवक के घसीटने का VIDEO सामने आने के बाद पुलिस पीड़िता की तहरीर पर FIR दर्ज कर ली है।

## आईएमए समेत चार ब्लड बैंक के लाइसेंस सस्पेंड

### जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में औषधि प्रशासन विभाग की ओर से अप्रैल माह में चलाए गए विशेष जांच अभियान के तहत शहर के चार ब्लड बैंकों के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन ब्लड बैंकों में पाई गई अनियमितताओं को दूर करने के बाद ही उनके लाइसेंस बहाल किए जाएंगे। ड्रग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान आगे भी चलाए जाएंगे। आईएमए ब्लड बैंक का लाइसेंस सस्पेंड होने के बाद भी बुधवार को वहां काम होता रहा। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद तत्काल बंद कराया गया। ड्रग इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह ने बताया कि जिन ब्लड बैंकों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, उनमें आईएमए ब्लड बैंक, परेड; मायांजलि ब्लड बैंक,



सिविल लाइंस; वाडा ब्लड बैंक, मसवानपुर; और पुष्पांजलि ब्लड बैंक, नौबस्ता शामिल हैं। बताया कि अप्रैल महीने में जिले के कुल 35 ब्लड बैंकों की जांच की गई। इनमें आठ सरकारी और 27 निजी श्रेणी के ब्लड बैंक शामिल हैं। जांच के दौरान दस्तावेजों, स्टोरेज व्यवस्था, स्वच्छता और संचालन संबंधी मानकों का निरीक्षण किया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन ब्लड बैंकों में मानकों के अनुरूप व्यवस्था नहीं मिली, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## गोरखपुर में मौत से पहले मां से बोला- मैंने जहर खा लिया, बचा लो, दुल्हन बेसुध

# शादी के दो दिन बाद कारोबारी दूल्हे ने जान दी



**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। गोरखपुर में शादी के तीसरे दिन दूल्हे ने जहर खाकर जान दे दी। रात में छत पर टहलते वक्त मां पहुंची तो बोला- मैंने जहर खा लिया है, मुझे बचा लो। हालत बिगड़ती देख घबराए घरवाले उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

युवक की पहचान रुद्रनाथ के रूप में हुई है। उसकी शादी 25 अप्रैल को महाराजगंज की एक लड़की से हुई थी। एक दिन पहले ही वह दुल्हन को विदा कराकर घर लाया था। सुसाइड की वजह अभी सामने नहीं आ सकी है। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र का 27 अप्रैल




(सोमवार) का है। पादरी बाजार में रहने वाले प्रेम जायसवाल के तीन बेटे और एक बेटी थे। रुद्रनाथ जायसवाल उर्फ मिंशू (29) दूसरे नंबर के थे। रुद्रनाथ की शादी 25 अप्रैल को महाराजगंज के नौतनवां की रहने वाली एक लड़की से हुई थी। शादी गोरखपुर के ही एक मैरिज हॉल में हुई थी। 26 अप्रैल को विदाई के बाद दुल्हन घर आई। घरवालों के मुताबिक, शादी तय होने के बाद से रुद्रनाथ काफी खुश था। पूरी खरीदारी अपनी पसंद से की थी। शेरवानी से लेकर पगड़ी, दुपट्टा तक उसने मैचिंग का खरीदा था। जयमाल और शादी के दौरान भी वह काफी खुश था। मां के अनुसार, दुल्हन के घर आने के बाद भी सारी रस्में उसने खुशी-खुशी पूरी की थीं।

**सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने बताया शव का पोस्टमॉर्टम करा कर घरवालों के हवाले कर दिया गया है। घरवाले आत्महत्या का कारण नहीं बता सके हैं। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।**

### आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं

दूल्हे की मौत के बाद उसके घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। रुद्र ने आत्महत्या क्यों की, अभी इसकी वजह सामने नहीं आ सकी है। उधर, रुद्र की मौत के बाद पादरी बाजार क्षेत्र में मंगलवार को अधिकतर दुकानें बंद रहीं। साप्ताहिक बाजार भी नहीं लगी।

## दुल्हन के दरवाजे पर बिगड़ी तबीयत, एक दिन पहले एक्सीडेंट हुआ था

# शाहजहांपुर में सात फेरों से पहले दूल्हे की मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

शाहजहांपुर । शाहजहांपुर में सात फेरों से पहले दूल्हे की मौत हो गई। दूल्हा एक दिन पहले हादसे में घायल हो गया था। इलाज के बाद हालत में सुधार आया तो वह बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंच गया।

बग्घी पर सवार होकर दूल्हा द्वारचार के लिए गया। वह चल नहीं पा रहा था। इसलिए वधू पक्ष की महिलाओं ने बग्घी पर ही दूल्हे को तिलक किया। किसी तरह द्वारचार की रस्में निभाई गईं। मंडप में जाने की तैयारी चल रही थी, तभी दूल्हे की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। बुधवार तड़के दूल्हे ने दम तोड़ दिया।

दूल्हा सोमवार रात बरेली से



बारात लेकर आया था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। दूल्हे का बरेली में अंतिम संस्कार होगा। परिजनों के अनुसार, इलाज के बाद संजू को हालत में सुधार लगा तो उसने अस्पताल से छुट्टी ले ली। वह बारात लेकर शाहजहांपुर के लिए निकल गया। उसने अस्पताल से दर्द की दवा भी ले रखी थी। लेकिन द्वारचार के बाद हालत बिगड़ने पर वह मंडप तक नहीं पहुंच पाया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। संजू की मौत के बाद उसके परिवार में मातम पसरा है।



### 27 अप्रैल को शादी थी, 26 को ट्रैक्टर ने टक्कर मारी

बरेली में थाना फरीदपुर क्षेत्र के करनपुर शंकरपुर का रहने वाला संजू (25 साल) प्राइवेट नौकरी करता था। उसकी शादी शाहजहांपुर में तिलहर थाना क्षेत्र के रजपुरी गांव में तय हुई थी। 27 अप्रैल को शादी होनी थी। इसलिए दो दिन पहले से रिश्तेदारों का घर आना शुरू हो गया था। संजू 26 अप्रैल रात करीब आठ बजे बाइक से अपने एक रिश्तेदार लेने केशरपुर जा रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी। जिससे उनके पेट में चोट लगी थी। परिजनों ने बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया था।

# यूपीएससी पास नहीं कर पाई तो फर्जी आईएएस बनी

### बरेली में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की, 2 बहनों को भी शामिल किया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली । बरेली में पकड़ी गई फर्जी IAS अफसर डॉ. विप्रा शर्मा की कहानी बिल्कुल फिल्मी है। प्रयागराज में रहकर उसने करीब 5 साल तक यूपीएससी की तैयारी की, लेकिन सफल नहीं हो पाई। मन में अफसर बनने का चाह अधूरी रह गई। इसके बाद विप्रा ने वही रुतबा और पावर हासिल करने के लिए अपराध का रास्ता चुना। विप्रा ने खुद को IAS अफसर बताना शुरू कर दिया। काले रंग की कार पर नीली बत्ती लगवा दी।

उस पर उत्तर प्रदेश सरकार और SDM लिखवाया। फिर अलग-अलग गाड़ियां बदलकर रौब जमाने लगी। सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर कई लोगों से ठगी करने



लगी। इस धंधे में उसने अपनी एक सगी और एक ममेरी बहन को भी शामिल कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि ग्रेटर ग्रीन पार्क में रहने वाली डॉ. विप्रा शर्मा (35) के साथ यूपीएससी की तैयारी करने वाले कई लोग बड़े पदों पर तैनात हैं। उनकी लाइफस्टाइल और पावर देखकर विप्रा को जलन होती थी। इसीलिए उसने खुद को आईएएस बताना शुरू कर दिया।

एएसपी/सीओ सिटी पंकज श्रीवास्तव कहते हैं- जांच में सामने आया कि यह गिरोह दर्जनों लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है। फिलहाल 4 पीड़ितों ने बारादरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जिनसे करीब 11 लाख रुपए की ठगी की गई। हालांकि अंदेशा है कि ठगी का आंकड़ा करोड़ों में है। क्योंकि विप्रा के बैंक खाते में ही 55 लाख रुपए मिले, जिन्हें फ्रीज कर दिया गया है। शहर के कई अन्य लोग भी इनके जाल में फंसे हो सकते हैं, जो लोकलाज के डर से सामने नहीं आ रहे। पुलिस ने विप्रा शर्मा के पास से सफेद रंग की महिंद्रा XUV700 कार बरामद की है। पुलिस का दावा है कि इससे पहले उसने काले रंग की कार खरीदी थी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### बंगाल में खेला...

भारी संख्या में सुरक्षाबलों की मौजूदगी के बावजूद हालात बेकाबू दिखे।

TMC ने आरोप लगाया कि CRPF के हमले से हावड़ा के उदयनारायणपुर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। TMC महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि बुजुर्ग अपने बेटे के साथ वोट डालने गए थे। केंद्रीय बलों ने उन्हें धक्का दिया और मारपीट की। बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आज जिन 142 सीटों पर चुनाव हुए हैं, उनमें से 123 सीटों पर TMC ने 2021 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। पहले फेज की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को रिकॉर्ड 93% मतदान हुआ था। 4 मई को बंगाल विधानसभा की सभी 254 सीटों के रिजल्ट आएंगे। भाजपा ने आरोप लगाया कि डायमंड हार्बर के फालता में EVM में BJP का बटन टेप लगाकर ब्लॉक किया गया। चुनाव आयोग ने कहा कि जहां भी शिकायतें सही मिलीं, वहां दोबारा चुनाव होंगे। पानीहाटी में EVM पर BJP के बटन पर इंक का दाग होने की शिकायत सामने आई। उसे सैनिटाइजर से साफ किया गया। हावड़ा के बाली विधानसभा क्षेत्र के लिलुआ में बूथ नंबर 151, 152 और 153 पर केंद्रीय बलों ने वोटरों पर लाठीचार्ज किया। आरोप है कि EVM मशीनों में खराबी के कारण वोटर लंबे समय तक लाइन में खड़े थे। बाद में उन्होंने हंगामा किया तो उनपर लाठीचार्ज हुआ।

### बीजेपी का ...

हालांकि, कुछ सर्वे जैसे पीपल्स पल्स एलडीएफ को आगे बताते हैं, जिससे मुकाबला पूरी तरह एकतरफा नहीं कहा जा सकता।

### यूपी विधानमंडल...

साथ ही महिला सुरक्षा, अधिकार, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक भागीदारी जैसे मुद्दों को भी चर्चा में शामिल किया जा सकता है। चर्चा के दौरान महिला सदस्यों को अपनी बात कहने का अधिक अवसर दिया जाएगा। देर शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदन को संबोधित करेंगे। इससे पहले नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय समेत दलीय नेताओं का संबोधन होगा। साथ ही सदन के पटल पर अध्यादेश, अधिसूचनाएं, नियम आदि रखे जाएंगे। इसके अतिरिक्त यदि कोई विधेयक पुनर्स्थापित किए जाने हैं, तो उन्हें भी पेश किया जाएगा। विशेष सत्र के दौरान प्रश्नकाल नहीं होगा। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में इन बिंदुओं पर सहमति बनी।

विशेष सत्र को लेकर बुधवार को विधान भवन में विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में कार्य परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सत्र के संचालन और कार्यसूची को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर नेता सदन ने सभी दलों के नेताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए सदन की गरिमा और जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा पर बल दिया।

### हमें देखते ही लोग ...

जब तक श्रीराम से कृष्ण और शंकर हैं, तब तक भारत का कोई बाल-बांका नहीं कर सकता, ऐसा राम मनोहर लोहिया बोलते थे। पता नहीं उनके शिष्यों को ये बात समझ आएगी या नहीं?

योगी ने कहा कि जहां अयोध्या होगी, वहां विजय होगी। जहां राम होंगे, वहां विजय होगी। ये भी अयोध्या ने साबित किया है। आज लाखों लोग रामलला के दर्शन कर रहे हैं।

इससे पहले योगी हेलिकॉप्टर से महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद हनुमानगढ़ी मंदिर गए और वहां दर्शन-पूजन किया।

वहीं, योगी से पहुंचने से ठीक पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रस्थान द्वार D-2 का शीशा तेज हवा से टूट गया। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन ने तत्काल उसे हटाकर नया शीशा लगवाया।

योगी ने कहा कि उन लोगों से सावधान रहिए, जो देश को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। ये वही काम कर रहे हैं, जो मध्य काल में देश को बांटने वाले लोगों ने पाप किया था। ये बांटने का पाप देशद्रोह से कम नहीं है। देश को बांटने का पाप मत कर देना। जिस दिन 140 करोड़ भारतवासी आगे बढ़ेंगे, दुनिया की कोई ताकत उसके सामने बाधा नहीं बन सकती है।

### सपा विधायक दल ...

उनका कहना था कि यह कदम महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण के बजाय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से जुड़ा राजनीतिक एजेंडा है।

विधायक पिंकी यादव ने भाजपा पर महिला आरक्षण को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप लगाया। वहीं सैय्यदा खातून ने कहा कि पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है।

इंद्राणी वर्मा और रेखा वर्मा ने भाजपा की सोच को महिला विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि पार्टी महिलाओं को समान अधिकार देने के पक्ष में नहीं है। डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर भाजपा का रवैया चिंताजनक है। मारिया शाह और नसीम सोलंकी ने विभिन्न राज्यों में महिलाओं से जुड़े अपराधों का हवाला देते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। वहीं मनोज पारस, ऊषा वर्मा, आरके वर्मा, अतुल प्रधान, पंकज मलिक और शाहिद मंजूर समेत अन्य विधायकों ने भी प्रस्ताव का समर्थन करते हुए भाजपा की नीतियों की आलोचना की।

बैठक में पारित 'अति निंदा प्रस्ताव' को 30 अप्रैल 2026 को होने वाले विधानसभा के विशेष सत्र से पहले विपक्ष की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, जहां महिला आरक्षण का मुद्दा प्रमुख रहने की संभावना है।

### मोदी ने किया यूपी...

सीएम योगी के साथ एक्सप्रेस-वे पर पैदल भी चले। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। इससे मेरठ से प्रयागराज की दूरी सिर्फ 6 घंटे में पूरी होगी। अब तक 11-12 घंटे लगते थे।

एक्सप्रेस-वे करीब 37,350 करोड़ रुपए की लागत से 5 साल में बनकर तैयार हुआ है। इस हिसाब से 1 किलोमीटर एक्सप्रेस-वे की औसत लागत करीब 62 करोड़ 87 लाख रुपए है।

मोदी ने ही 18 दिसंबर, 2021 को शाहजहांपुर में एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया था। इससे पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे यूपी का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे था, जिसकी लंबाई 340 किमी है। मुझे खुशी है कि यूपी सरकार ने इस एक्सप्रेस-वे का नाम मां गंगा के नाम पर रखा है। इसमें विकास का हमारा विजन भी झलकता है। हमारी विरासत के भी दर्शन होते हैं। डबल इंजन सरकार में शिलान्यास भी होता है और उद्घाटन भी होता है। यह सिर्फ हाई-स्पीड सड़क नहीं है, बल्कि नए सपनों का गेटवे है।

### विकास कार्यों और ...

बैठक में माननीय प्रभारी मंत्री ने फसल बीमा योजना के बारे में अधिक से अधिक किसानों को जागरूक कर इससे जोड़ने एवं लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के मजदूरी भुगतान समय से करने एवं सभी लाभार्थियों को शौचालय के लाभ से भी आच्छादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने वर्षा ऋतु से पूर्व सभी स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने जनपद में संचालित 108 एवं 102 एम्बुलेंसों के फिटनेस की नियमित जांच करने एवं निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार नियमित सत्यापन कराने तथा उसमें ऑक्सीजन एवं अन्य समस्त सुविधाओं की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित रखने और जन सामान्य तक शासन के मंशानुसार स्वास्थ्य सुविधाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने जिला चिकित्सालय में संचालित किए गए ट्रामा सेंटर में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और भी सुदृढ़ बनाए जाने के निर्देश दिए।

## ड्रेसिंग रूम का वीडियो वायरल, देश में बैन, बीसीसीआई कार्रवाई कर सकता है

# राजस्थान के कप्तान रियान पराग ई-सिगरेट पीते दिखे



### विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

IPL 2026 में राजस्थान रॉयल्स (RR) के कप्तान रियान पराग विवाद में फंस गए हैं। मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान वह ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीते कैमरे में कैद हुए।

लाइव ब्रॉडकास्ट की यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो राजस्थान की बल्लेबाजी के 16वें ओवर का है। इसमें पराग ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल की मौजूदगी में कथित तौर पर ई-सिगरेट पीते दिख रहे हैं। रियान पराग का ई-सिगरेट पीना गलत माना जा रहा है। भारत सरकार ने 'ई-सिगरेट निषेध अधिनियम (PECA) 2019' के तहत वेप्स और ई-सिगरेट के उत्पादन, बिक्री, आयात और विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाया है।



### खिलाड़ियों की फिटनेस और युवाओं पर असर की चिंता

रियान पराग युवा पीढ़ी के रोल मॉडल माने जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, वेपिंग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे खिलाड़ियों की फेफड़ों की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। भारत में वेपिंग गैर-कानूनी है, इसलिए BCCI और IPL गवर्निंग काउंसिल इस पर 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपना सकती है। जांच में दोष सिद्ध होने पर पराग पर मैच बैन या जुर्माना लगाया जा सकता है।

### राजस्थान रॉयल्स के साथ इस सीजन का दूसरा विवाद

राजस्थान रॉयल्स इस IPL सीजन में दूसरी बार प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर चर्चा में है। इससे पहले टीम के मैनेजर रोमी भिंडर डगआउट में मोबाइल इस्तेमाल करते पकड़े गए थे, जो प्लेयर मैच ऑपरेशंस एरिया (PMOA ) प्रोटोकॉल का उल्लंघन था।

उस मामले में BCCI ने जांच के बाद मैनेजर पर जुर्माना लगाया था और चेतावनी दी थी। अब कप्तान का वीडियो सामने आने के बाद टीम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

उल्लंघन पर जुर्माने और जेल की सजा का प्रावधान है। ऐसे में एलीट एथलीट और टीम कप्तान का सार्वजनिक मंच पर इसका इस्तेमाल कानून और खेल की मर्यादा का उल्लंघन माना जा रहा है।

### बीसीसीआई सचिव से जवाब मांगा गया, सख्त कार्रवाई की उम्मीद

इस मामले पर BCCI के सचिव देवजीत सैकिया से प्रतिक्रिया मांगी गई है। माना जा रहा है कि बोर्ड इसे गंभीरता से लेगा। एथलीट के लिए वेपिंग (ई-सिगरेट) स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक है। यह सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है, क्योंकि इसके तत्वों की स्पष्ट जानकारी नहीं होती। देश में यह प्रतिबंधित है। BCCI कप्तान और फ्रेंचाइजी से जवाब तलब कर सकता है।

## पंजाब को हराने के बाद तीसरे स्थान पर राजस्थान



दिल्ली। जबरदस्त फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स का विजय रथ कौन रोकेगा, इसका जवाब मंगलवार को मिल गया। राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को उसी के घर में 6 विकेट से मात देकर टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब की टीम सात मैचों से अजेय थी, जिसमें उसने 6 मैच जीते थे और एक मैच बेनतीजा रहा था। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स को 223 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उसने यशस्वी जायसवाल (51) और डोनोवान फरेरा (52) की अर्धशतकीय पारी के दम पर चार गेंद शेष रहते चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

राजस्थान ने छठी बार 200 से ज्यादा का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया है। राजस्थान के लिए फरेरा को नंबर पांच पर उतारने और शुभम दुबे (31) को इंपैक्ट सब के रूप में भेजना सही साबित हुआ। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछली हार के बाद राजस्थान के लिए यह जीत काफी अहम और मनोबल बढ़ाने वाली साबित होगी।

राजस्थान रायल्स की जीत की नींव रखी युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने, जिन्होंने एक बार फिर शुरुआत में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सनराइजर्स के विरुद्ध शतकीय पारी खेलने वाले 15 वर्षीय सूर्यवंशी ने केवल 16 गेंद में 43 रन की पारी खेली, जिनमें से 42 रन केवल बाउंड्री से आए। इनमें पांच छक्के और तीन चौके शामिल रहे।

## श्रीलंका क्रिकेट में आया भूचाल, राष्ट्रपति के आगे झुके शम्मी सिल्वा



नई दिल्ली। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड यानी एसएलसी में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। लंबे समय से एसएलसी के अध्यक्ष रहे शम्मी सिल्वा ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ये जानकारी बोर्ड ने बुधवार को दी। शम्मी सिल्वा ने ये फैसला इसलिए लिया है, क्योंकि देश के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बोर्ड में बदलाव पर जोर दिया था।

बता दें कि शम्मी सिल्वा के साथ पूरे बोर्ड ने एक साथ इस्तीफा दिया है, जैसा कि पहले तय किया गया था। इस्तीफे तुरंत लागू हो गए हैं, जिससे एक अंतरिम बॉडी के बोर्ड चार्ज लेने का रास्ता साफ हो गया है।

दरअसल, एसएलसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है, श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष, शम्मी सिल्वा ने आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ, एसएलसी की एग्जीक्यूटिव कमिटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। इस फैसले के बारे में औपचारिक रूप से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और माननीय युवा मामले और खेल मंत्री, सुनील कुमारा गमागे को बता दिया गया है।

ये इस्तीफा 28 अप्रैल को SLC की एग्जीक्यूटिव कमिटी की मीटिंग के बाद हुए हैं। पूर्व सांसद एरन विक्रमरत्ने को अब श्रीलंका की सरकार अंतरिम कमेटी बोर्ड को चलाने के लिए कुछ समय के लिए हेड बना सकती है। पूर्व क्रिकेटर सिदाथ वेट्टीमुनी और रोशन महानामा को भी सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए नए सेटअप में भूमिका दी जा सकती है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक तौर से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



## राजस्थान ने 6 विकेट से हराया, जायसवाल-फरेरा की फिफ्टी, सूर्यवंशी ने 16 बॉल पर 43 रन बनाए

# जाब आईपीएल 2026 में पहला मैच हारी

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स को IPL 2026 में पहली हार मिली। मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स ने 6 विकेट से जीत दर्ज की और 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में टॉस हारकर पंजाब ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 4 विकेट पर 222 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस ने नाबाद 62 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह ने 59 रन बनाए कप्तान श्रेयस अय्यर ने 30 रन का योगदान दिया।

223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान ने पावरप्ले में तेज शुरुआत करते हुए 84 रन बना लिए। वैभव सूर्यवंशी ने 16 गेंदों पर 43 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 27 गेंदों पर 51 रन की फिफ्टी लगाई। डोनोवन फरेरा ने 52 रन की नाबाद पारी खेली। शुभम दुबे ने 31 रन बनाए और दोनों ने 5वें विकेट के लिए 32 बॉल पर 77 रन जोड़े।

राजस्थान से वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की ओपनिंग जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। वैभव ने 16 बॉल पर 3 चौके और 5 छक्कों के सहारे 43 रन बनाए। जबकि जायसवाल 27 बॉल पर 51 रन बनाकर आउट हुए।




पंजाब से मार्कस स्टोयनिस ने 62 और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने 59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। राजस्थान की ओर से यशराज पुंजा ने 4 ओवर में 41 रन देकर 2 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर को एक-एक विकेट मिला।

हार के बावजूद पंजाब की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर कायम है। जबकि, राजस्थान 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर आ गई है। 20वें ओवर की दूसरी बॉल पर डोनोवान फरेरा ने मार्को यानसन की बॉल पर छक्का मारकर राजस्थान को 6 विकेट की जीत दिला दी।

18वें ओवर में राजस्थान ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। शुभम दुबे ने अर्शदीप सिंह के ओवर की आखिरी बॉल पर छक्का लगाकर टीम को 200 पार पहुंचाया।

### आखिरी 6 ओवर में 72 रन बने

14वें ओवर की आखिरी बॉल पर युजवेंद्र चहल ने राजस्थान के कप्तान रियान पराग को आउट किया। यहां से टीम को जीत के लिए 72 रन चाहिए थे। ऐसे में फरेरा ने 6 चौके और 3 सिक्स से 26 बॉल पर 52 रन बनाए और सिक्स लगाकर मैच जिता दिया।

## मनोरंजन



# करिश्मा ने पैपराजी को दी चेतावनी

## मुड़ते वक्त एक्ट्रेस ने कहा- ज्यादा जूम मत करना

नई दिल्ली। करिश्मा कपूर ने टीवी शो इंडियाज बेस्ट डांसर के सेट पर पैपराजी को जूम करके उनकी तस्वीरें-वीडियो न लेने की चेतावनी दी।

सोमवार को शो की शूटिंग के दौरान जब वह गीता कपूर, टेरेंस लुईस और जावेद जाफरी के साथ सेट पर पहुंचीं, तब पोज देने के बाद उन्होंने कैमरामैन से कहा, 'ज्यादा जूम मत करना।'

गौरतलब है कि हाल के समय में कई एक्ट्रेसेस की पीछे से जूम करके तस्वीरें-वीडियो कई सोशल मीडिया हैंडल्स से पोस्ट किए जाते हैं। वीडियो सामने आने के बाद कई यूजर्स ने करिश्मा का समर्थन किया।

एक यूजर ने लिखा कि उन्होंने एक वीडियो में देखा था, जहां सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी साथ पोज दे रहे थे, लेकिन पैपराजी ने सिद्धार्थ को फ्रेम से हटाकर कियारा के ऊपरी शरीर पर जूम कर दिया, जो अपमानजनक था।




एक अन्य यूजर ने लिखा कि सभी एक्टर्स और एक्ट्रेसेस को इस मुद्दे पर एकजुट होना चाहिए और ऐसा स्टाफ रखना चाहिए, जो पीछे से तस्वीरें लेते समय उन्हें कवर करे। वहीं एक तीसरे यूजर ने कहा कि यह बात समझदार लोगों को भी बतानी पड़ रही है। गौरतलब है कि करिश्मा 90 के दशक की उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जिन्होंने कई यादगार गाने और सिग्नेचर डांस मूव्स दिए। जिनमें 'ले गई ले गई', 'हुस्न है सुहाना' और 'सोना कितना सोना है' शामिल हैं। उनके डांस नंबर आज भी लोकप्रिय हैं। शो के पिछले सीजन में भी करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस जज के रूप में नजर आए थे। शो को जय भानुशाली और अनिकेत चौहान ने होस्ट किया था।

### जज के रूप में नजर आएंगी करिश्मा

करिश्मा कपूर जल्द ही 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' में जज के रूप में नजर आएंगी। शो के मेकर्स ने हाल ही में उनके एपिसोड का टीजर भी जारी किया है। इस नए सीजन का प्रसारण 9 मई से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा।

## 3 साल से डिब्बाबंद सैफ अली खान की फिल्म को मिली रिलीज डेट

नई दिल्ली। अभिनेता सैफ अली खान हिंदी सिनेमा के दमदार कलाकारों में से एक हैं। सैफ उन बड़े एक्टर्स में भी शामिल हैं, जिन्होंने करियर में सबसे पहले ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू किया। पिछले तीन सालों से सैफ अली खान की क्राइम थ्रिलर फिल्म कर्तव्य बन रही है और लेकिन इसकी रिलीज डेट को लेकर कुछ भी क्लियर नहीं था। माना जा रहा था कि शायद सैफ की कर्तव्य डिब्बाबंद हो गई, लेकिन अब खबर आ रही है कि 3 साल के बाद कर्तव्य को रिलीज डेट मिल गई है। फिल्म कर्तव्य का निर्माण सुपरस्टार शाह रुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है। इसी साल ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की अपकमिंग मूवीज की घोषणा में कर्तव्य का नाम भी शामिल हुआ था, जिससे ये साफ हो गया था कि शाह रुख और सैफ की ये फिल्म थिएटर्स नहीं, बल्कि डायरेक्ट ओटीटी पर दस्तक देगी।



वैराइटी इंडिया की रिपोर्ट में कर्तव्य की रिलीज डेट को लेकर अहम जानकारी दी गई है, जिसके आधार पर 15 मई 2026 को सैफ अली खान स्टारर कर्तव्य को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा। इस मूवी में सैफ के अलावा अभिनेत्री रशिका दुग्गल, जाकिर हुसैन और संजय मिश्रा जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं।

# पुष्पाराज का बिहार में 'भौकाल' टाइट

## राका के लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स का दांव

मुंबई। पैन इंडिया फिल्मों के कारण दक्षिण भारतीय कलाकारों को हिंदी फिल्में देखने वाले दर्शकों का भी भरपूर प्यार मिला है। खासकर साल 2024 में रिलीज हुई अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' को हिंदी पट्टी में खूब पसंद किया गया था। अब साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'राका' को लेकर भी कुछ ऐसा ही माहौल बन चुका है, जहां बिहार में डिस्ट्रीब्यूटर्स के बीच इस फिल्म के टेरिटोरियल राइट्स को खरीदने को लेकर होड़ मची हुई है। अल्लू अर्जुन की साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'पुष्पाः द रूल' ने बिहार से लेकर यूपी और झारखंड में शानदार प्रदर्शन किया था। इस फिल्म की खातिर वहां पर कई सिनेमाघरों को दोबारा खोलना पड़ा था। ऐसे में बिहार के डिस्ट्रीब्यूशन सर्कल को उम्मीद है कि 'राका' के साथ भी अल्लू को इसी तरह की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलेगी। मुंबई मनोरंजन संवाददाता की रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिहार के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने 'राका' के लिए कमर कस ली है। अल्लू के 44वें जन्मदिन पर फिल्म से उनका लुक जारी किया गया था, जिसने लोगों की दिलचस्पी को और बढ़ा दिया। ऐसे में बिहार के डिस्ट्रीब्यूटर्स अभी से इस फिल्म के लिए निर्माताओं को मुंहमांगी कीमत देने के लिए तैयार हैं।



## शूटिंग भी शुरू, चेक बाउंस केस का मजाक उड़ने पर भाईजान का मिला था सपोर्ट

# राजपाल यादव को मिली सलमान खान की फिल्म

नई दिल्ली। राजपाल यादव ने सलमान खान और नयनतारा स्टारर फिल्म SVC63 की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में राजपाल सलमान के राइट-हैंड मैन की अहम भूमिका निभाएंगे। ऐसा दावा बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, राजपाल यादव का किरदार सिर्फ सपोर्टिंग नहीं, बल्कि कहानी के सबसे जरूरी हिस्सों में से एक है। मेकर्स का मानना है कि राजपाल इस भूमिका के लिए बेस्ट हैं और सलमान खान भी उन्हें इस रोल के लिए सही पसंद मानते हैं।

हालांकि, राजपाल की शूटिंग मई से शुरू होने वाली थी, लेकिन उन्होंने तय समय से पहले ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी।



सलमान और राजपाल यादव, पार्टनर, मुझसे शादी करोगी और मैंने प्यार क्यों किया जैसी कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।

उनके किरदार में कॉमिक एंगल भी होगा, जो फिल्म के सीरियस एक्शन टोन के बीच हल्का मनोरंजन जोड़ेगा। इस फिल्म से सलमान पहली बार एक्ट्रेस नयनतारा, डायरेक्टर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म को अस्थायी नाम SVC63 दिया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। फिल्म ईद 2027 पर रिलीज होगी। राजपाल यादव हाल ही में अक्षय कुमार स्टारर और प्रियदर्शन डायरेक्टेड फिल्म भूत बांग्ला में नजर आए, जो 17 अप्रैल, 2026 को थिएटर में रिलीज हुई। गौरतलब है कि हाल ही में एक अवॉर्ड शो में राजपाल यादव का मजाक उड़ाए जाने के बाद सलमान खान उनके सपोर्ट में उतरे थे।

दरअसल, अवॉर्ड सेरेमनी में राजपाल यादव ने डॉलर के रेट बढ़ने पर बात की थी, जिस समय अवॉर्ड होस्ट कर रहे जर्नलिस्ट सौरभ द्विवेदी ने राजपाल यादव के चेक बाउंस केस पर तंज कसा और कहा कि डॉलर के रेट बढ़ें या घटें, उन्हें उतनी उधार चुकानी ही पड़ेगी, जितनी ली है। वीडियो सामने आने के बाद सलमान ने ऑफिशियल X अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा था, "राजपाल भाई, आप 30 साल से काम कर रहे हो और हम सबने आपको बार-बार रिपीट किया है क्योंकि आप अपना काम जानते हो और एक वैल्यू लाते हो। हकीकत यह है कि काम तो आपको बहुत मिलेगा और इसी डॉलर रेट पर मिलता रहेगा।" वहीं, इससे पहले चेक बाउंस केस में सरेंडर के बाद जब एक्टर राजपाल यादव तिहाड़ जेल में बंद थे, तब भी सलमान खान ने उनकी आर्थिक सहायता की थी।



## अमेरिकी अधिकारी बोले- यह संगठन का अपमान, ईरान बोला- अमेरिका हमें न सिखाए

# ईरान को परमाणु अप्रसार संधि का उपाध्यक्ष बनाने पर विवाद



**वही ईरान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। ईरान ने कहा कि अमेरिका, जो खुद परमाणु हथियार इस्तेमाल कर चुका है और लगातार अपने हथियार बढ़ा रहा है, उसे दूसरों को सीख देने का हक नहीं है।**

**कार्यक्रम**

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इसी बीच एक दिलचस्प खबर सामने आई है। ईरान को परमाणु अप्रसार संधि का उपाध्यक्ष चुना गया है। यह फैसला न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में चल रहे NPT के 11वें रिव्यू कॉन्फ्रेंस में लिया गया। यह कॉन्फ्रेंस 5 साल में एक बार होती है। सम्मेलन के अध्यक्ष और वियतनाम के राजदूत दो हुंग वियेत ने बताया कि ईरान का नाम 'गुटनिरपेक्ष देशों के ग्रुप' की तरफ से आया था। इस ग्रुप में भारत



समेत 100 से भी ज्यादा देश हैं। अमेरिका के एक अधिकारी क्रिस्टोफर येओ ने इसे NPT के लिए अपमान बताया। उनका कहना है कि ईरान लंबे समय से परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में उसे इस संगठन का अहम पद देना सही नहीं है। परमाणु अप्रसार संधि 1970 में लागू हुई थी। यह दुनिया में परमाणु हथियारों को फैलने से रोकने की सबसे अहम व्यवस्था मानी जाती है। इस संधि का एक सीधा सौदा है, जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं हैं, वे इन्हें नहीं बनाएंगे और जिनके पास हैं, वे धीरे-धीरे उन्हें खत्म करेंगे।

### ईरान एनपीटी का शुरुआती मेंबर, अब परमाणु हथियार बनाने के आरोप

ईरान ने 1968 में ही इस संधि पर हस्ताक्षर कर दिए थे, लेकिन 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद उसका परमाणु कार्यक्रम विवादों में आ गया।हालांकि ईरान अभी भी NPT का हिस्सा है, लेकिन उस पर लगातार आरोप लगते रहे हैं कि वह इसके नियमों की भावना का उल्लंघन कर रहा है। ईरान ने यूरेनियम को 60% तक समृद्ध किया है, जबकि सामान्य ऊर्जा के लिए 3 से 5% ही काफी होता है।

### एनपीटी का दूसरा मकसद नाकाम हो रहा

समस्या यह है कि संधि का शांतिपूर्ण उपयोग वाला हिस्सा तो ठीक चल रहा है लेकिन हथियार कम करने वाला हिस्सा लगभग फेल माना जा रहा है विशेषज्ञों का कहना है कि बड़े देश अपने हथियार कम करने के बजाय और आधुनिक बना रहे हैं, खासकर चीन। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि नियम सब पर बराबर लागू नहीं होते, जिससे छोटे देशों में नाराजगी है।

चार देश इस संधि में शामिल ही नहीं हुए। भारत, पाकिस्तान, इजराइल, दक्षिण सूडान और उत्तर कोरिया। उत्तर कोरिया पहले इसमें शामिल था, लेकिन 2003 में बाहर निकल गया और बाद में परमाणु परीक्षण भी किए। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इजराइल NPT में नहीं है, फिर भी उसके पास परमाणु हथियार हैं और वह एक ऐसे देश (ईरान) पर हमला कर रहा है जो NPT का मेंबर है। भारत और पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया था। इजराइल के पास भी परमाणु हथियार माने जाते हैं, लेकिन वह खुलकर स्वीकार नहीं करता और NPT में भी शामिल नहीं है। आज संयुक्त राष्ट्र के 195 में से 191 देश इस संधि का हिस्सा हैं। भारत, पाकिस्तान, इजराइल और दक्षिण सूडान इसमें शामिल नहीं हैं। 5 देशों को आधिकारिक परमाणु ताकत माना गया है। अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस। बाकी सभी देशों को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं है।

# सेंसेक्स 609 अंक बढ़कर 77,496 पर बंद




**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में आज यानी 29 अप्रैल को बढ़त है। सेंसेक्स 609 अंक (0.79%) की तेजी के साथ 77,496 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 182 अंक की तेजी रही, ये 24,178 पर बंद हुआ। आज ऑटो, IT, रियल्टी और FMCG शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।

एक्सपर्ट्स के अनुसार UAE के तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक और ओपेक+ से बाहर निकलने की घोषणा का बाजार पर पॉजिटिव असर दिखा है। इससे ओपेक की कच्चे तेल की कीमतों पर नियंत्रण करने की ताकत कमजोर होगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आपूर्ति बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें गिर स

ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई हैं। बाजार में तेल की मजबूत डिमांड और 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' को लेकर चिंता बढ़ी है जिस वजह से ये तेजी आई है। हॉर्मुज को तेल की सप्लाई के लिए सबसे अहम रास्ता माना जाता है। इससे पहले कल यानी 28 अप्रैल को सेंसेक्स 417 अंक (0.54%) की गिरावट के साथ 76,887 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 97 अंकों (0.40%) की गिरावट रही, ये 23,996 पर बंद हुआ था।

**फास्ट न्यूज**

### चरम पर अफगान-पाकिस्तान तनाव

नई दिल्ली। अफगानिस्तान ने सोमवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान पर पूर्वी इलाके में नागरिक क्षेत्रों पर गोलाबारी करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और करीब 70 लोग घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के अफगानिस्तान मिशन ने भी पुष्टि की है कि पूर्वी शहर असदाबाद में एक यूनिवर्सिटी पर हमला हुआ है, हालांकि उसने यूनिवर्सिटी का नाम या हमले के जिम्मेदार का जिक्र नहीं किया।

### ऑस्ट्रेलिया में विमान हादसा, हैंगर से टकराया विमान

नई दिल्ली। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में पैराफील्ड एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश करते समय एक विमान हैंगर से टकरा गया। इससे विमान में भीषण आग लग गई और दो लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई स्थानीय मीडिया आउटलेट 7News के अनुसार, पायलट और यात्री की जान चली गई। जबकि 11 अन्य लोगों को गंभीर चोट लगने से अस्पताल ले जाया गया है। हादसे के बाद पुलिस ने एक बयान में कहा, आस-पास के इलाके को खाली करा लिया गया है, आपातकालीन सेवाएं इस घटना से निपट रही हैं।

### अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट में अब साथ रख सकेंगे सिर्फ 2 पावर बैंक

नई दिल्ली। अमेरिकन एयरलाइंस अपने पोर्टेबल पावर बैंक के नियमों को अपडेट करने वाली पहली नई एयरलाइन बनने जा रही है। इससे यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा दो डिवाइस रखने की ही अनुमति होगी। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार से यात्रियों को अपने ट्रैवल डिवाइस का इस्तेमाल करते समय उसे अपनी नजरों के सामने रखना होगा।

# मई में 17% तक महंगी हो सकती है सिगरेट

**मुंबई, एजेंसी**

देश में अगले महीने से सिगरेट पीना महंगा हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रमुख सिगरेट कंपनियां ITC और गॉडफ्रे फिलिप्स मई में कीमतों में 17% तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं।

इस खबर के बाद सोमवार यानी 29 अप्रैल को इन कंपनियों के शेयरों में 6.5% तक की तेजी दर्ज की गई।

डिस्ट्रीब्यूटर्स के फीडबैक और चैनल चेक के आधार पर आई एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट में कहा गया है कि कीमतों में बदलाव केवल प्रीमियम प्रोडक्ट्स तक सीमित नहीं रहेगा। कंपनियां वैल्यू-एंड ब्रांड्स (सस्ते सिगरेट) के दामों में भी इजाफा कर सकती हैं। उदाहरण के लिए ITC की गोल्डफ्लेक प्रीमियम के एक पैकेट की कीमत मई 2026 में 115 से बढ़कर 135 के करीब पहुंच सकती है। 29 अप्रैल को ITC का शेयर करीब 4% और गॉडफ्रे फिलिप्स का शेयर 7% की तेजी के साथ बंद हुआ। निफ्टी FMCG इंडेक्स में भी 2% की तेजी देखी गई, जिसमें ITC सबसे आगे रहा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर के मुताबिक, सिगरेट कंपनियों के पास कीमतों को कंट्रोल करने की अच्छी ताकत है।




**इस खबर के बाद आईटीसी और गॉडफ्रे फिलिप्स के शेयर 7% तक चढ़े**

## किल्लत की वजह से लोग ऐसा करने पर मजबूर, एक्सपर्ट बोले- ये चलता-फिरता बम जैसा

# पाकिस्तान में लोग गुब्बारों में एलपीजी भरकर खाना बना रहे



**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के कराची शहर में गैस की भारी कमी के कारण लोग अब प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरकर खाना बनाने को मजबूर हो गए हैं। ARY न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय से LPG किल्लत की वजह से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। यह खतरनाक तरीका खास तौर पर कराची के ओरंगी टाउन इलाके में देखा गया है, जिसमें मोमिनाबाद भी शामिल है। वहां के लोगों का कहना है कि अनियमित गैस सप्लाई के कारण उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक लोग खास तरह के प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरते हैं। जब थोड़ी देर के लिए गैस सप्लाई आती है, तब इन गुब्बारों को भर लिया जाता है और बाद में दिनभर इन्हीं का इस्तेमाल करके खाना बनाया जाता है। ये गुब्बारे स्थानीय बाजार में भी करीब 1000 से 1500 रुपए में मिल रहे हैं। घरेलू गैस (मीथेन/एलपीजी) बेहद ज्वलनशील होती है। अगर थोड़ी भी गैस लीक हो जाए और पास में चिंगारी, माचिस या बिजली का स्पार्क आ जाए, तो तुरंत आग या विस्फोट हो सकता है। इसी वजह से एक्सपर्ट्स इसे 'चलता-फिरता बम' कहते हैं।

असल में प्लास्टिक के गुब्बारे गैस रखने के लिए बने ही नहीं होते, ये बहुत कमजोर होते हैं इसलिए उनमें भरी गैस बहुत जल्दी लीक हो सकती है। अगर हल्का सा दबाव पड़े, कहीं रगड़ लगे या ज्यादा गर्मी हो जाए, तो गुब्बारा फट सकता है।



**कराची में कई सालों से गैस की कमी, कम दबाव और लंबी कटौती की समस्या चलती रही है। सर्दियों में तो हालत और खराब हो जाती है, क्योंकि उस समय मांग बढ़ जाती है और सप्लाई उतनी नहीं होती। इसी वजह से पहले भी लोग अलग-अलग जुगाड़ करते रहे हैं।**

### ईरान जंग की वजह से संकट बढ़ा

एक्सपर्ट्स ने इस तरीके को बेहद खतरनाक बताया है। सेफ्टी एनालिस्ट्स का कहना है कि प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरना 'मोबाइल बम' जैसा है, क्योंकि हल्की सा घर्षण, गर्मी या चिंगारी भी बड़ा विस्फोट करा सकती है। घरों के अंदर ऐसे गैस से भरे गुब्बारे रखना आग लगने के खतरे को बढ़ाता है। खासकर घनी आबादी वाले इलाकों में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है, जब वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सप्लाई पर दबाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के कारण ऊर्जा सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट जैसे अहम रास्तों पर भी असर पड़ा है।

## ट्रम्प ने कहा था- विश्व युद्ध में मदद न करते तो यूरोप जर्मन बोलता

# किंग चार्ल्स का तंज : हम न होते तो अमेरिकी फ्रेंच बोलते

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में स्टेट डिनर के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प पर हल्के-फुल्के अंदाज में तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर ब्रिटिश न होते तो आज अमेरिकी फ्रेंच बोल रहे होते।

चार्ल्स ने कहा-आपने हाल ही में कहा था कि अगर अमेरिका नहीं होता तो यूरोपीय देश जर्मन बोल रहे होते। तो मैं यह कहने की हिम्मत करता हूं कि अगर हम (ब्रिटिश) नहीं होते तो आप लोग फ्रेंच बोल रहे होते। करीब 250 साल पहले जब अमेरिका आजाद नहीं था, तब ब्रिटेन और फ्रांस दोनों वहां अपनी-अपनी पकड़ बनाना चाहते थे। दोनों देशों के बीच इस बात को लेकर लड़ाई हुई कि उत्तरी अमेरिका पर किसका कब्जा रहेगा। आखिर में इस लड़ाई में ब्रिटेन जीत गया। किंग चार्ल्स का इशारा इसी तरफ था।

इससे पहले जनवरी में दावोस समिट के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय देशों और उनके सहयोग को लेकर एक बयान दिया था।



### ट्रम्प बोले- चार्ल्स ने वो किया, जो मैं नहीं कर पाया

जब ट्रम्प के बोलने की बारी आई तो उन्होंने चार्ल्स की तारीफ की और कहा कि उन्होंने संसद में शानदार भाषण दिया। उन्होंने मजाक में यह भी कहा कि चार्ल्स ने डेमोक्रेट्स को भी खड़ा कर दिया, जो वह खुद कभी नहीं कर पाए। दरअसल, अमेरिका में दो बड़ी पार्टियां हैं। रिपब्लिकन (ट्रम्प की) और डेमोक्रेट्स (विपक्ष)। आमतौर पर डेमोक्रेट्स, ट्रम्प की बातों से सहमत नहीं होते, इसलिए उनके लिए खड़े होकर तालियां नहीं बजाते, लेकिन चार्ल्स के भाषण पर डेमोक्रेट्स ने भी खड़े होकर तालियां बजाईं।



### चार्ल्स ने व्हाइट हाउस जलाने का किस्सा भी याद दिलाया

किंग चार्ल्स ने व्हाइट हाउस में हुए बदलावों पर भी ट्रम्प पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि ईस्ट विंग में बहुत 'रीएडजस्टमेंट' हो रहे हैं। ट्रम्प ने 400 मिलियन डॉलर का बड़ा बॉलरूम बनाने के लिए पुराने हिस्से को गिरा दिया है। इस पर चार्ल्स ने हंसते हुए कहा, "हमने भी 1814 में व्हाइट हाउस के रियल एस्टेट डेवलपमेंट की अपनी कोशिश की थी।" असल में वह 1814 की घटना याद दिला रहे थे, जब ब्रिटिश सैनिकों ने व्हाइट हाउस को आग लगा दी थी। किंग चार्ल्स इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने मजाक में यह भी कहा कि आज का डिनर 'बोस्टन टी पार्टी' से काफी बेहतर है। बोस्टन टी पार्टी 16 दिसंबर 1773 को हुई थी। उस समय अमेरिका, ब्रिटेन का उपनिवेश था। ब्रिटेन ने वहां के लोगों पर कई टैक्स लगाए थे, खासकर चाय पर।

## यूएई ने तेल-उत्पादक देशों के संगठन ओपेक-ओपेक प्लस को छोड़ा

### ईरान युद्ध के बीच तेल बाजार में अनिश्चितता बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूनाइटेड अरब अमीरात (UAE) ने मंगलवार (28 अप्रैल) को कच्चे तेल का उत्पादन और निर्यात करने वाले देशों के ऑर्गेनाइजेशन ओपेक और ओपेक प्लस से अलग होने का ऐलान कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब ईरान के साथ जारी युद्ध की वजह से दुनिया भर में एनर्जी यानी ऊर्जा संकट गहराया हुआ है।

लंबे समय से ओपेक का हिस्सा रहे UAE के इस कदम से सऊदी अरब की लीडरशिप वाले इस ग्रुप की एकता पर बड़ा असर पड़ सकता है। UAE का यह फैसला उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के प्रति नाराजगी का नतीजा माना जा रहा है। UAE के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार अनवर गरगाश ने सोमवार को एक फोरम में कहा कि ईरान के हमलों के दौरान अरब और खाड़ी देशों का रुख काफी कमजोर रहा है। गरगाश के मुताबिक, गल्फ कॉरपोरेशन काउंसिल (GCC) के देशों ने एक-दूसरे की लॉजिस्टिक मदद तो की, लेकिन राजनीतिक और सैन्य स्तर पर उनकी भूमिका सबसे कमजोर रही है। उन्होंने कहा कि अरब लीग से तो उन्हें ऐसी ही उम्मीद थी, लेकिन GCC के रुख ने उन्हें हैरान कर दिया।




UAE के इस फैसले को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक बड़ी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रम्प लंबे समय से ओपेक की आलोचना करते रहे हैं। उनका आरोप है कि यह संगठन तेल की कीमतों को जानबूझकर बढ़ाकर पूरी दुनिया को लूट रहा है।

## शिकंजा : ड्रग्स की दुनिया का 'गब्बर सिंह', यूएस ने रखा था 50 करोड़ रुपये का इनाम

# मेक्सिको का कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेक्सिको में ड्रग्स की दुनिया के कुख्यात गैंग जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल के बड़े सरगना ऑडियास फ्लोरेस सिल्वा को सेना ने गिरफ्तार कर लिया है। वह 'एल जार्डिनेरो' यानी 'माली' के नाम से जाना जाता था और गैंग के प्रमुख एल मेंचो का करीबी माना जाता था।

उसकी गिरफ्तारी के बाद मेक्सिको के कई इलाकों में हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी सामने आई हैं। अमेरिका ने फ्लोरेस सिल्वा पर करीब 5 मिलियन डॉलर (करीब 50 करोड़ रुपये) का इनाम घोषित किया हुआ था।

ऑडियास फ्लोरेस सिल्वा की उम्र करीब 31 साल है और वह मिचोआकान राज्य का रहने वाला है। कम उम्र में ही उसने ड्रग्स के कारोबार में कदम रखा और अफीम की खेती से शुरुआत की। वह पहले अमेरिका में गिरफ्तार हो चुका है और जेल की सजा काट चुका है। फ्लोरेस सिल्वा सिर्फ ड्रग्स तस्करी ही नहीं, बल्कि जबरन वसूली, तेल चोरी और अपहरण जैसे अपराधों में भी शामिल था। उसे कार्टेल का सिक्योरिटी चीफ भी माना जाता था और वह कई राज्यों में नेटवर्क संभालता था। उसने नायरित इलाके को अपना गढ़ बना लिया था और फेंटानिल बनाने के लिए आने वाले केमिकल्स पर कब्जा कर रखा था।



**गिरफ्तारी के बाद बढ़ा तनाव**

दो महीने पहले एल मेंचो की मौत के बाद पूरे मेक्सिको में हिंसा भड़क गई थी। अब फ्लोरेस सिल्वा की गिरफ्तारी के बाद भी नायरित राज्य में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। हालांकि, उसकी गिरफ्तारी के दौरान किसी के घायल होने की खबर नहीं है और इसे सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### एल मेंचो का माना जाता था वारिस

फ्लोरेस सिल्वा कार्टेल का रीजनल कमांडर था और उसे एल मेंचो का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि सुरक्षा बलों ने उसे किसी बड़े ठिकाने पर नहीं, बल्कि सड़क किनारे एक नाले में छिपा हुआ पाया। एल मेंचो की मौत के बाद माना जा रहा था कि वही कार्टेल की कमान संभालेगा, लेकिन उसकी गिरफ्तारी से गैंग को बड़ा झटका लगा है। जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल दुनिया के सबसे खतरनाक ड्रग्स गैंग में गिना जाता है। अमेरिकी एजेंसियों के अनुसार, यह कार्टेल अमेरिका समेत 100 से ज्यादा देशों में ड्रग्स का कारोबार करता है। मेक्सिको के 32 में से 21 राज्यों में इसका नेटवर्क फैला हुआ है, जो इसे सबसे ताकतवर गिरोह बनाता है।

# गुटखा-तंबाकू के प्लास्टिक पाउच पर रोक लगेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अब जल्द ही आपको गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के प्लास्टिक पाउच नजर नहीं आएंगे। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) ने कहा कि पान मसाला की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक मटेरियल को अब कागज, पेपरबोर्ड, सेल्युलोज और अन्य इको-फ्रेंडली मटेरियल से बदला जाएगा।

इसके लिए FSSAI ने मंगलवार को खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) विनियमन 2018' में संशोधन के लिए एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। इस ड्राफ्ट 'प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम 2026' पर अगले 30 दिन तक स्टेकहोल्डर्स से राय और आपत्तियां मांगी गई हैं। इसके बाद इस नियम को अंतिम रूप दिया जाएगा। नए प्रस्ताव के अनुसार, गुटखा, पान मसाला और तंबाकू के किसी भी पैकेज में किसी भी रूप में प्लास्टिक मटेरियल का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इसमें 'विनाइल एसीटेट-मेलिक एसिड-विनाइल क्लोराइड कोपोलिमर' जैसे केमिकल युक्त मटेरियल पर भी पाबंदी होगी। FSSAI ने सलाह दी है कि अब प्लास्टिक पाउच की जगह कागज, गत्ते (पेपरबोर्ड) और सेल्युलोज जैसे नेचुरल सामान का इस्तेमाल किया जाए।



**इको-फ्रेंडली मटेरियल से पैकिंग अनिवार्य करने की तैयारी, एफएसएसएआई ने ड्राफ्ट पेश किया**

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**

**मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**